# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025


16 फुटकर पथ विक्रेताओं ने व्यवस्थापन की मांग को ...





16 बजाज ने छोड़ा पारवानी का साथ एकता पैनल के ...




# पीएससी को नहीं पता- "चीता को इंग्लिश में क्या कहते हैं?" आपत्ति के बाद 4 सवाल हुए विलोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विवादों से घिरे हुए छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के इंग्लिश ज्ञान पर अब सवाल उठने लगे हैं। पीएससी को यह नहीं पता है कि चीता को इंग्लिश में क्या कहते हैं? अभ्यर्थियों की आपत्ति आने के बाद अंततः चीते संबंधित सवाल को विलोपित करना पड़ा। ना केवल चीता आधारित सवाल बल्कि दोनों प्रश्नपत्र मिलाकर 4 सवाल विलोपित किए गए हैं। इनमें से 3 सवाल प्रथम प्रश्नपत्र के हैं। दरअसल पीएससी ने सामान्य ज्ञान की परीक्षा में पूछा था कि चीता का वैज्ञानिक नाम क्या है? इसके इंग्लिश ट्रांसलेट में पीएससी ने पूछा की लेपर्ड (तेंदुआ) का वैज्ञानिक नाम क्या है?

हिंदी और इंग्लिश में अलग-अलग सवाल पूछे जाने को लेकर अभ्यर्थियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद पीएससी ने यह सवाल ही विलोपित कर दिया है। गौरतलब है कि पीएससी 4 सेट में प्रश्नपत्र निकालता है। सभी में सवाल एक ही होते हैं, लेकिन प्रश्नों का क्रम अलग-अलग होता है। हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषा में पीएससी सवाल पूछता है, जिसमें एकरूपता अनिवार्य होती है। विशेषज्ञों द्वारा दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात संशोधित मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं।

## 200 अंकों की हुई थी परीक्षा, अब 192 अंकों के आधार पर होगा मूल्यांकन

### सवालों के विकल्पों में भी त्रुटि

पीएससी ने कुछ सवालों को इसलिए भी विलोपित किया है, क्योंकि उनके विकल्प सही नहीं थे अथवा उक्त सवाल के एक से अधिक उत्तर थे। पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को आयोजित की गई थी। अंतिम उत्तर जारी होने के बाद अब परिणाम भी शीघ्र ही घोषित कर दिए जाएंगे। इसके पश्चात मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी।





### पिछले वर्ष विलोपित हुए थे 7 सवाल

इस बार विलोपित होने वाले सवालों की संख्या पिछली बार से कम है। मुख्य सेवा परीक्षा-2023 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा में 7 सवाल विलोपित किए गए थे। पीएससी कोचिंग विशेषज्ञ अंकित अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में 100 सवाल पूछे गए थे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों के थे अर्थात परीक्षा 200 अंकों की हुई। चूंकि 4 सवालों को विलोपित कर दिया गया है, इसलिए अब मूल्यांकन 192 अंकों के आधार पर होगा। जिन सवालों को विलोपित किया गया है, उसे लेकर थोक में अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति दर्ज की गई थी।

### ये सवाल हुए विलोपित

- चीता का वैज्ञानिक नाम क्या है?
- जोड़ी मिलान के अंतर्गत अणु चुंबकीय और लौह चुंबकीय संबंधित सवाल विलोपित किया गया।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-ज आधारित सवाल पर भी अभ्यर्थियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी।
- द्वितीय प्रश्नपत्र के अंतर्गत गणितीय सवाल में त्रिभुजों की संख्या से जुड़ा एक प्रश्न विलोपित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### झाड़ियों में बिलखती मिली 2 महीने की मासूम अस्पताल में भर्ती



**रायपुर।** बुधवार की सुबह राजधानी से सटे अमलेश्वर में ग्रीन अर्थ सिटी के पास एक 2 माह की फीमेल बेबी झाड़ियों में बिलखती मिली। फिलहाल बच्च स्वस्थ है और उसे आगे की उपचार हेतु 108 टीम द्वारा आंबेडकर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। आज सुबह मॉर्निंग वॉक करते समय ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर के सामने डीह रोड़ पर एक लावारिस बच्ची एमएम जैन को रोते हुए दिखाई दी। उन्होंने अपने मित्र विकास पंसारे और नारायण शर्मा को इसकी सूचना दी। बच्ची को एक थैले में ढंककर फेंका गया था। बच्ची को चींटियां काट रही थी। इसके बाद बच्ची को झाड़ियों से बाहर लेकर आए और 108 को इसकी सूचना दी। फ़लिहाल मेकाहारा के डॉक्टरों द्वारा बच्ची का आगे का उपचार किया जा रहा है।

### बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर के आस-पास होलिका दहन नहीं करने अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बिजली खंभे तथा ट्रांसफार्मर के नीचे होलिका दहन नहीं करने की अपील जारी की है। अधिक्षण अभियंता मनोज कुमार वर्मा ने अपील करते हुए कहा कि बिजली खंभे, ट्रांसफार्मर के नीचे होलिका दहन करने से आग लगने का खतरा रहता है। साथ ही लोगों को अनावश्यक रूप से विद्युत व्यवधान का सामना करना पड़ता है।

### रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने की पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर युवती से रेप तथा मारपीट करने के आरोप में एक युवक को घटना के एक घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरिफ खान को गिरफ्तार किया है। आरिफ के खिलाफ युवती ने मंगलवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। युवती ने पुलिस को बताया है कि आरिफ ने उसे शादी करने का झांसा देकर केके रोड स्थित एक होटल में ले जाकर रेप किया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर मारपीट की।

## होली के दिन कई बसों का संचालन रहेगा बंद इसलिए आज भी रहेगी भीड़

# होली इफेक्ट... ट्रेनें पैक, बसें ओवरलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

होली को लेकर रायपुर से जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ है। बुधवार को रवाना हुई ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 100 से अधिक रही। अधिक वेटिंग वाली ट्रेनों का ऑनलाइन टिकट दोपहर में रेलवे को बुकिंग बंद करनी पड़ी। ट्रेन के सभी कोच में मेले जैसी भीड़ देखने को मिली। ट्रेनों में कन्फर्म व वेटिंग यात्रियों की संख्या समान रही। हरिभूमि ने लंबी दूरी की ट्रेनों का जायजा लिया। जनरल कोच में 50 से अधिक यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा। जनरल बोगी में गमछे और चादर का झूला बनाकर उसमें सफर कर रहे हैं।

दो बर्थ के बीच की फर्श की खाली जगह को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिन्हें वहां जगह मिल रही है, वे वहीं चादर बिछाकर लेट जा रहे ▶▶| शेष पेज 15 पर





### फिक्स पाइंट लगाकर की जाएगी जांच

शहर के प्रमुख चौराहों के साथ संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पाइंट लगाकर जांच करने की बात कही है। इसके साथ ही जहां फिक्स पाइंट लगे होंगे, वहां नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की जाएगी। शराब के नशे में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### शहर में 800 स्थानों पर जलेगी होली, तीन दिनों तक तगड़ी सुरक्षा

राजधानी में इस बार आठ सौ जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दो सौ से ज्यादा होलिका दहन किया जाएगा। पिछले वर्ष छह सौ स्थानों पर होलिका दहन किया गया था। होलिका दहन को लेकर पुलिस ने गाइड लाइन तय की है। एसएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार सभी थानों के टीआई को अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक लेकर होलिका दहन करने वालों को हर हाल में रात 12 बजे तक होलिका दहन करने कहा गया है।

एएसपी के अनुसार होलिका दहन करने के समय तेज आवाज में डीजे बजाने के साथ हुड़दंग कर शोर मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी थानों की पुलिस को सोमवार से अपने-अपने थाना क्षेत्र में गश्त तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों ▶▶| शेष पेज 15 पर

#### सख्ती से निपटा जाएगा

*लोग शांति पूर्वक होली मनाएं, इसके लिए सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। होली में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी होली के एक दिन पहले से गश्त तेज कर देगी।*

*- लखन पटले, एएसपी सिटी*

## आपात चिकित्सा में अशांति ना हो इसका विशेष ख्याल

# सरकारी अस्पतालों में केवल इमरजेंसी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली यानी शुक्रवार को तमाम सरकारी अस्पतालों में केवल इमरजेंसी चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहेगी। अवकाश को ध्यान में रखते हुए डाक्टरों की ड्यूटी के साथ वार्डों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने स्टाफ को हिदायत दी गई है। आपात चिकित्सा सेवा के दौरान किसी तरह की अशांति ना हो, इसके लिए सुरक्षा में बंदूकधारी जवानों को तैनात रखा जाएगा।



आंबेडकर अस्पताल में गुरुवार को नियमित ओपीडी होगी, इसके बाद शुक्रवार को होली की छुट्टी रहेगी। इस दिन जरूरतों का ध्यान रखते हुए अस्पताल में आपात चिकित्सा सेवा को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अस्पताल अधीक्षक डा. संतोष सोनकर की ओर से डॉक्टरों, ▶▶| शेष पेज 15 पर

### डीके और जिला अस्पताल में भी इमरजेंसी

होली के दिन डीके और जिला अस्पताल में भी इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर यूनिट को क्रियाशील रखा जाएगा। यहां रोस्टर के आधार पर डाक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। डाक्टरों को इस बात की हिदायत दी गई है कि ड्यूटी के दौरान वे अस्पताल कैंपस में ही रहेंगे। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा हर हाल में दिलाई जाए।

# 3 दिन बंद रहेगी थोक सब्जी मंडी, आवक अभी से घटी, इसलिए सब्जियों के भाव भी बढ़े

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

होली त्योहार का असर सब्जियों के भाव पर अभी से पड़ना शुरू हो गया। टमाटर, लौकी, पत्ता गोभी सहित अन्य कुछेक सब्जियों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की आवक घट गई है, जिसके कारण थोक भाव में 2 रुपए से लेकर 20 रुपए तक वृद्धि हुई है। थोक में भाव बढ़ने के कारण चिल्हर में भी सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि होलिका दहन के दिन शुक्रवार से लेकर रविवार तक थोक सब्जी मंडी बंद रहेगी। इस कारण त्योहार के बाद भी सप्ताहभर तक सब्जियों के भाव बढ़े रहेंगे।



### कोचई और परवल थोक में 80 रुपए किलो

कोचई और परवल की नई फसल मंडी में आना शुरू हो गई है। शुरुआती दिनों में इन दोनों सब्जियों के भाव अभी आसमान पर हैं। दोनों सब्जी थोक में ही 70-80 रुपए किलो है, वहीं चिल्हर में 100-120 रुपए किलो है। ये दोनों सब्जियों की आवक जैसे-जैसे बढ़ेगी, इसकी कीमत घटेगी।

### सब्जियों के भाव (प्रति किलो)

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 4-8 | 15-20 |
| करेला | 30 | 40-50 |
| भिंडी | 25-30 | 40-50 |
| बरबट्टी | 40 | 50-60 |
| शिमला मिर्च | 20 | 40 |
| तोरई | 20-25 | 40 |
| फूलगोभी | 20-2 | 40 |
| पत्ता गोभी | 4-6 | 20 |
| लौकी | 7-8 | 20 |
| भटा | 20 | 30-40 |
| परवल | 70-80 | 100-120 |
| कोचई | 70-80 | 100-120 |
| हरी धनिया | 35-40 | 60-70 |
| हरी मिर्च | 50 | 70-80 |

### सामान्य दिनों की तुलना में आवक 15-20 प्रतिशत घटी

बताया गया कि सामान्य दिनों की तुलना में त्योहार सीजन में सब्जियों की आवक घट जाती है। होली त्योहार के कारण पिछले कुछ दिनो से सब्जियों की आवक करीब 15-20 प्रतिशत घटी है, जिसके कारण कुछ प्रकार की सब्जियों को छोड़कर ज्यादातर की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। थोक मंडी में इन दिनों स्थानीय और दूसरे राज्यों से सब्जियों की आवक प्रतिशत में लगभग एक समान है। इस कारण टमाटर, लौकी, पत्ता गोभी आदि सब्जियों की कीमत अभी कम है। स्थानीय सब्जियों की आवक घटेगी तो इन सब्जियों के भी भाव बढ़ेंगे।

## शासकीय कॉलेज के प्राध्यापक शामिल नहीं हो रहे हैं मूल्यांकन में

# केंद्रीय मूल्यांकन का हाल... पूरे कक्ष में एक दर्जन प्राध्यापक भी नहीं, जो हैं उनमें 90% प्राइवेट कॉलेज के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने केंद्रीय मूल्यांकन तो प्रारंभ कर दिया है, लेकिन इसके लिए पूरी तैयारी नहीं कर सका। आलम यह है कि मूल्यांकन कक्ष में गिनती के ही प्रोफेसर नजर आ रहे हैं। हरिभूमि के पास मूल्यांकन कक्ष की अंदरूनी तस्वीरें हैं, जिसमें प्राध्यापकों की कमी स्पष्ट नजर आ रही है। हालात ये हैं कि कई दिन मूल्यांकन कक्ष में उत्तरपुस्तिकाएं जांचने दर्जनभर प्राध्यापक भी नहीं होते हैं। गौरतलब है कि रविवि की वार्षिक परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो चुकी हैं। परीक्षाएं प्रारंभ होने के साथ ही रविवि ने ▶▶| शेष पेज 15 पर

- प्राचार्य बैठक में कुलपति ने जताई थी नाराजगी, इसके बाद भी सुधार नहीं



### पड़ोसी राज्यों के प्राध्यापक जांचते थे कॉपियां

स्थिति इतनी गंभीर हो चली है कि कई विषयों में रविवि को मूल्यांकनकर्ता ही नहीं मिल रहे हैं। ये वे विषय हैं, जिनका संचालन कुछ ही महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में होता है। इन विषयों के शिक्षकों को पत्र लिखकर विशेष रूप से आमंत्रित करना पड़ रहा है। पिछले वर्ष रविवि अध्ययनशाला में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंस्टिट्यूशनल फायनेंस के लिए मूल्यांकनकर्ता नहीं मिल सके थे।

### पढ़ाएं, परीक्षा लें या कॉपियां जांचें?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने के बाद वर्तमान में प्रथम वर्ष के छात्रों की द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा सुबह-शाम दो पालियों में परीक्षाएं भी ली जा रही हैं। ऐसे में शिक्षकों के पास एक समस्या यह भी आ रही है कि वे पढ़ाएं, परीक्षा लें या उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करें। प्राध्यापक पूर्व की तरह सुविधा देने की मांग कर रहे हैं। घर में कॉपियां जांचने की सुविधा मिलने पर वरिष्ठ प्राध्यापक भी मूल्यांकन कार्य करते थे।




# केलो परियोजना की जमीन जिंदल स्टील को, मंत्री ने कहा- इसकी जानकारी सरकार के पास नहीं

**भूपेश ने कहा-** मंत्री को जानकारी न होना और भी संदिग्ध, सदन की समिति करे जांच



**मंत्री ने कहा-** विभागीय समिति करेगी जांच, असंतुष्ट विपक्ष का बहिर्गमन

विधानसभा में केलो परियोजना के लिए सरकार की अनुमति के बिना जलाशय की जमीन जिंदल स्टील को आबंटित करने का मामला गूंजा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस पर अनभिज्ञता जताई। उन्होंने विभागीय समिति से मामले की जांच कराने का ऐलान किया। उन्होंने सदन समिति से जांच कराने की विपक्ष की मांग को नामंजूर कर दिया, इससे नाराज होकर कांग्रेस के विधायकों ने सदन से बर्हिगमन कर दिया। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाया। उन्होंने मंत्री से यह पूछा कि क्या केलो परियोजना की कोई जमीन किसी इंन्डस्ट्रीज को ट्रांसफर की गई है। राजस्व मंत्री ने कहा, विधायक जो शिकायत कर रहे हैं, उसकी जानकारी सरकार के पास नहीं है। उमेश पटेल ने मंत्री को जानकारी दी कि अगस्त 24 में ग्राम जोरापाली के खसरा नंबर 5/2 समेत 22 खसरों की जमीन जिंदल स्टील के नाम पर ट्रांसफर की गई है। मैंने और ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की थी, लेकिन किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस शिकायत पर अब कार्रवाई करेंगे। राजस्व मंत्री ने कहा शिकायत दे दें, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### विधानसभा की समिति से कराएं जांच : भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा बिना राजस्व मंत्री की कमेटी की अनुमति के बिना इतनी बड़ी जमीन का लैंड यूज बदल गया और मंत्री को पता ही नहीं आश्चर्य की बात है। मंत्री ने कहा, यदि ऐसा हुआ है, तो विभागीय जांच कराएंगे। बघेल ने कहा, मंत्री के खिलाफ कोई अफसर जांच नहीं कर सकता, इसकी सदन की समिति से जांच कराएं। मंत्री ने जवाब दिया कि हम विभागीय जांच कराएंगे। बघेल ने कहा, जो अफसर जमीन की अफरा-तफरी कर रहे हैं वो मंत्री की जांच कैसे करेंगे। इतना बड़ा लैंड स्कैम हो गया और मंत्री को पता नहीं।

### सदन से किया बहिर्गमन

जलाशय की जमीन का लैंड यूज बदल गया, जमीन की ट्रांसफर कर दी गई। कैबिनेट मंत्री को न पता है न अनुमति है। इसलिए कह रहा हूं विधानसभा की समिति से जांच करा लें। श्री बघेल ने कहा, मध्यप्रदेश का मड़वा ताल जमीन घोटाले के बाद तय हुआ था कि लैंड यूज राजस्व मंत्री की कमेटी ही बदलेगा और यहां उल्टा ही हो गया। इसमें मंत्री की जानकारी न होना और भी संदिग्ध है। राजस्व मंत्री ने विधानसभा की समिति के बजाए विभागीय जांच कराने की बात कहते रहे।

# भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग, सीएम साय ने कहा- आपने किया था बैन

## भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी को मंत्री ने किया स्वीकार, कहा- हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, भारतमाला प्रोजेक्ट में बड़ी गड़बड़ी हुई है, कई लोग मिले हुए हैं। राजनीतिक दलों के लोग भी मिले हो सकते हैं, इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। विभागीय मंत्री ने आयुक्त से जांच करने का ऐलान किया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वहिर्गमन किया। प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी को लेकर पूछा, 13 मूल खाताधारकों के खसरे को 54 टुकड़ों में बांटा गया। एक गांव में एक मूल खसरे को 4 टुकड़े किए गए। तीसरे गांव में चार मूल खसरे को 33 टुकड़े किए गए। रायपुर के अभनपुर तहसील के चार गांवों के मुआवजा प्रकरण पर प्रश्न उठाया है। उसमें लगभग 43 करोड़ 19 लाख का आर्थिक नुकसान केंद्र सरकार को कराया गया। राजस्व मंत्री ने ये सब बातें स्वीकार की हैं। हमारी मांग है कि केंद्र का पैसा है, राज्य का हिस्सा भी हो सकता है। पूरे भारतमाला की जो सड़क बन रही है, उसमें 350 करोड़ से ज्यादा अतिरिक्त भुगतान किया गया है।

### मंत्री ने माना गड़बड़ी हुई, कार्रवाई जारी

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी हुई है। दो-तीन तरह की गड़बड़ी हुई है। अधिसूचना जारी होने के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया। जमीन एक बार अधिग्रहित की गई थी, उसे दोबारा भूअर्जन किया गया। जिसे मुआवजा मिलना था, उसे ना देकर दूसरे को मुआवजा दिया गया। ट्रस्ट को मुआवजा ना देकर निजी व्यक्ति को मुआवजा दिया गया। मामले में अभी भी शिकायतें आ रही हैं। कई लोगों पर कार्रवाई की गई है। गड़बड़ी रोकने हमारी सरकार ने नए नियम बनाए हैं। मामले में जांच की जा रही है, कार्रवाई भी जारी है।

### सीबीआई से जांच कराना स्वीकार कर लें



नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने मंत्री के गड़बड़ी को मानने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा 43 करोड़ 19 लाख का अतिरिक्त भुगतान प्रकाशन होने के बाद इसका बंटवारा हुआ। कुछ अधिकारियों को सस्पेंड किया, सीएम को दिखाना चाहता हूं, एक प्रश्न का उत्तर है। जब गड़बड़ी स्वीकार कर रहे हैं, तो मेरी मांग है कि जिन-जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जाए। सीबीआई से जांच करना स्वीकार कर लें। जांच भी हो जाएगी और आने वाले लोग सतर्क भी हो जाएंगे। मुख्यमंत्री से अनुरोध है।

### कांग्रेस कार्यकाल में सीबीआई पर था बैन : साय



सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, राजस्व मंत्री ने बहुत अच्छा जवाब दिया है। कुछ कमी होगी तो बताइए उस पर कार्रवाई होगी। सीएम ने कहा, पिछले कांग्रेस कार्यकाल में सीबीआई को बैन किया गया था। महंत ने कहा कि हमने सीबीआई को बैन किया था, लेकिन आपकी सरकार में फिर से सीबीआई जांच हो रही है, इसलिए आपसे ये मांग है कि भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की सीबीआई जांच करा दें। विधायकों की समिति बनाकर जांच करा लें। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संभाग आयुक्त से जांच कराई जाएगी।

**जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का बहिर्गमन**

इसके बाद विधायक उमेश पटेल भी इस पर अपनी बात रखने लगे, जिसके बाद विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिलने पर सदन से बहिर्गमन कर दिया।












फागुन के महीने में रंगों की बहार, मस्ती और उल्लास का पर्व होली एक बार फिर हमारे द्वार पर है। यह त्योहार सिर्फ रंग खेलने का नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम, और सौहार्द का संदेश देता है।

**होली का महत्व**

होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति और होलिका दहन की पौराणिक कथा हमें यह सिखाती है कि सत्य और भक्ति की हमेशा विजय होती है।

**होली की तैयारियाँ**

होली से पहले बाजारों में रौनक देखने लायक होती है। रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारियाँ, मिठाइयाँ और गुजिया हर घर की पहचान बन जाते हैं। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर पुराने गिले-शिकवे भूलते हैं और प्यार की मिठास घोलते हैं।

**रंगों का जादू और लोक परंपराएँ**

भारत के अलग-अलग हिस्सों में होली अलग-अलग अंदाज में मनाई जाती है। मथुरा-वृंदावन की लठमार होली, काशी की गंगा घाट होली, और शांति निकेतन की बसंती होली हर किसी का मन मोह लेती है।



















## खबर संक्षेप

### ढाबे में शराब बेचते संचालक गिरफ्तार



तिल्दा नेवरा। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि तिल्दा ब्लॉक के खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिचोली स्थित पंजाबी ढाबा में भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर खरोरा थाना को अवगत करा संयुक्त टीम द्वारा ढाबा में छापा मारकर ढाबा संचालक अमरपाल सिंह चावला पिता हरबंश सिंह चावला 52 वर्ष मूल निवासी रायपुर, वर्तमान पता पंजाबी ढाबा चिचोली निवासी को गिरफ्तार कर उसके काउंटर से 37 पौवा देशी मदिरा मसाला, 8 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब, 6 पौवा विस्की अंग्रेजी, 2 पौवा आईबी अंग्रेजी, एक बॉटल आरएस अंग्रेजी शराब एवं बिक्री रकम 48 हजार रुपए नगद जप्त किया गया। खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।
बता दे तिल्दा नेवरा व खरोरा छेत्र में जमकर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सुबह से देर रात तक अवैध शराब परोसा जा रहा है। आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता जिसके चलते ऐसे लोगो के हौसला बुलंद है।

### लोधी कालेज में हुआ टैली ट्रेनिंग प्रोग्राम



आरंग। बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में एक सप्ताह का टैली ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्किल एनहैंसमेंट के तहत आयोजित किया गया, जिसमें पीजीडीसीए के छात्र–छात्राएं सम्मिलित थे। कार्यक्रम में टैली प्राइम में होने वाले ट्रांजैक्शन वाउचर, रिपोर्ट एनालिसिस, जीएसटी टैक्सेशन, इन्वेंटरी मैनेजमेंट, एडवांस्ड–ए काउंटिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य स्त्रेतवक्ता चंद्रकांत बंजारे थे। अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ. अभया आर. जोगलेकर ने की। इस गतिविधि के संयोजक कम्प्यूटर शिक्षक पीयूष राठौड़ थे।

पर्व : शांति समिति की बैठक में शराब के नशे में वाहन नहीं चलाने की पुलिस ने दी चेतावनी

# होली पर हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर प्रतिबंध के बाद भी जमकर बिके मुखौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी धरसींवा द्वारा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमे 14-15 मार्च को मनाए जाने वाले होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं।जंहा पर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए है।वही पुलिस की गाइड लाइन में इस बार मुखौटे पहनने पर रोक रहेगी साथ ही नशे में वाहन चलाने और मुखौटे पहनने पर रोक रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। शराब के नशे में हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया





### तीन सवारी और मुखौटा पर होगी कड़ी कार्रवाई

दरअसल, होली के दौरान कार या बाइक पर सवार होकर गांवो व सफको में हुड़दंग करने वाले ऐसे मुखौटे लगाकर का इस्तामाल करते हैं. मुखौटों की वजह से इन उपद्रवियों की पहचान नहीं हो पाती और ये पुलिस के हाथों से बच निकलते हैं. इसीलिए मुखौटा बेचने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया है. लेकिन धरसींवा, कुरा,चरौदा के मार्केट में बैन का असर नहीं दिख रहा. कारोबारी खुलेआम मुखौटे बेच रहे हैं. अब देखना होगा कि आगे पुलिस, जिला प्रशासन और नगर पंचायत क्षेत्र इसके खिलाफ क्या एक्शन लेती है। जिला प्रशासन ने इस बार कड़ाई पूर्वक आदेश जारी किए है जिसमे किसी भी स्थिति में मुखोटों पर प्रतिबंध रहेगी मगर धरसींवा व आसपास के दुकानदार खुलेआम मुखौटा बेच कर नियमो की धज्जियां उड़ा रहे है। जबकि शांति समिति की बैठक कर लोगों से होली को शांति पूर्ण तरीके से होली मानने की अपील किये है।

### भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। गुंडा और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठकों में थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दिवान के मार्गदर्शन में गणमान्य नागरिकों से विचार-विमर्श किया। प्रशासन ने नागरिकों से होली को पारंपरिक और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

### संवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विशेष सतर्कता

बैठक में ये फैसला लिया गया कि सभी धार्मिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी और विशेष पेट्रोलिंग की जाएगी। नगर पंचायत कुरा,सिलतरा, साकरा ,धरसींवा और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

होली त्यौहार के मद्देनजर आरंग थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। जिसमें आरंग पालिका क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियो ने त्यौहार में मद्देनजर गांवों में पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा अवैध शराब पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया। प्रशिक्षु आईएएस अमुपमा आनंद ने आपसी सामंजस्य के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की। सीएसपी लंबोदर पटेल ने कहा कि डामर रोड तथा विद्युत तार के नीचे होलिका दहन ना करे, उन्होंने पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अपने वार्डो में जाकर लोगो को अवांछनीय केमिकल का उपयोग ना करने, यात्रियो के साथ उदंडता ना करने तथा बच्चो को 03 सवारी नही चलने की समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि सुझाव के अनुरूप पुलिस प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगा, साथ ही अवैध शराब की बिक्री रोकने समुचित प्रयास किये जायेंगे। बैठक का संचालन कर रहे तहसीलदार सीता शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सद्भावना पूर्वक होली का त्यौहार मनाने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी राजेश सिंह, सीएमओ शीतल चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, पार्षदगण पुष्कर साहू, नरेंद्र लोधी, खिलावन निषाद, समीर गौरी, ईश्वर पटेल, शरद गुप्ता, पार्शद प्रतिनिधि तोषण साहू, सूरज सोनकर, राकेश सोनकर, राकेश शर्मा, खूबचंद साहू, मनोज तंबोली, लल्ला साहनी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

## बच्चों ने दिया गोबर के कंडे से होलिका दहन का संदेश

आरंग। बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों ने गोबर के कंडे हाथों में लेकर कंडे से होलिका दहन करने का संदेश दिये है। होली में तरह तरह के लकड़ियां डालने से पर्यावरण में असर पड़ता ही है। साथ ही कुछ लोग कच्चे पेड़ों को काटकर डाल देते हैं। जिससे खूब धुआं निकलता है। वहीं संस्था के नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया संदेश परक विडियो के माध्यम से भी सोसल मीडिया में कंडे से होलिका दहन के लिए जागरूक व अपील कर रहे हैं। जिससे कि होली में लोग कच्चे पेड़ों को काटकर होलिका दहन न करने प्रेरित हो सके और पर्यावरण के प्रति भी लोग सचेत रहें।



वैसे भी शास्त्रें में गोबर को अत्यंत पवित्र माना गया है। जीते जी तो लोग इसका उपयोग करते ही हैं मरणोपरांत भी गाय के गोबर से लिपाई कर शव को रखा जाता है। हर धार्मिक व मांगलिक कार्योर् में गोबर का उपयोग किया जाता है। ऐसे मे यदि लोग गोबर के कंडे से होलिका दहन करने की परंपरा को बढ़ावा दे तो निश्चित रूप से पर्यावरण को काफी हद तक संरक्षित किया जा सकता है।

## गुखेरा स्कूल में 8वीं के बच्चों को दी गई विदाई

आरंग। बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा फेयरवेल कार्यक्रम किया गया। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों का प्रदर्शन करते हुए कक्षा आठवीं के बच्चों को विदाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक प्रभारी प्रधान पाठक के.के. साहू एवं शिक्षक घनश्याम साहू ने बच्चों को बधाई देते हुए अपने अनुभव शेयर किए। प्राथमिक प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव ने अपनी कविता "नए रास्ते बुला रहे की मंजिल ही इबादत है" से प्रेरित किया। वही शिक्षक रामनारायण कन्नौजे ने कहा विदाई के इस कार्यक्रम में भी भविष्य की खुशी छिपी हुई है। साथ ही कार्यक्रम में कक्षा 8 के समीक्षा मनहरे को मिस फेयरवेल एवं अमित जोशी को मिस्टर फेयरवेल के टाइटल से नवाजा गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ केक काटा एवं सभी को केक खिलाया। बच्चों के द्वारा अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई तथा शिक्षिकाएं विमला चौहान, फातिमा जांगड़े, नीता कन्नौजे एवं शिक्षक नोहर लाल यादव ने भी बच्चों को आगामी पथ में बढ़ने के लिए प्रेरक कहानी सुनाई।



## शपथ ली और पार्षद समस्या निवारण के लिए हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने शपथ ग्रहण कर नगर पालिका में प्रवेश कर लिया है। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पुष्कर साहू ने अपने वार्ड में होने वाली समस्या के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया है कि वार्ड 9 में गर्मी प्रारंभ होते ही जल स्तर नीचे होने के कारण पेयजल की समस्या आना प्रारंभ हो गया है। स्थानीय सोनी पारा में नगर पालिका द्वारा पाइप लाइन से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण बोर के माध्यम से पानी सप्लाई होते आ रहा है, वर्तमान में जलस्तर नीचे जाने के कारण बोर के मोटर का फेल व खराब होना



जैसी समस्याएं आ रही है जिससे सोनी पारा के निवासियों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने जल्द से जल्द नगर पालिका द्वारा संचालित पाइप लाइन से सुव्यवस्थित सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई करने की मांग की है। उनके साथ में पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी एवं पार्षद प्रतिनिधि तोषण साहू उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष से सेन समाज के अध्यक्ष ने मुलाकात की

आरंग। बुधवार को आरंग सेन समाज के अध्यक्ष कैलाश ठाकुर एवं आरंग महिला सेन समाज की अध्यक्ष रानू सेन के नेतृत्व में आरंग नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन को नगर पालिका परिषद आरंग कार्यालय में बुकें भेंटकर बधाई दी गई। इस अवसर पर चम्पा देवी सेन, आकाश सेन, सतीश सेन, उमेश सेन, सुरेश सेन, जगदीश ठाकुर एवं अशोक कुमार ठाकुर उपस्थित थे।



## मृतक किसान के परिवार को 25 लाख देने की मांग

आरंग। किसान नेता पारसनाथ साहू ने सिंघनपुर गांव जाकर मृतक किसान पूरन निषाद के परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि मृतक किसान पूरन निषाद ने कर्ज लेकर ट्यूबवेल कराया और बड़ी लागत लगाकर रबी धान फसल भी लगा लिया। परन्तु विद्युत की बेहिसाब कटौती से फसल में पर्याप्त पानी नहीं पलने के कारण खेतों में दरार आ गया और लहलहाती फसल मरने लगी, जिसे देख किसान ने व्यथिक होकर आत्महत्या कर लिया। किसान नेता पारसनाथ साहू, जागेश्वर चंद्राकार, तेजराम विद्रोही ने कहा कि किसानों को विषम परिस्थितियों में भी आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए। पुनः इस घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पूरे प्रदेश में विद्युत कटौती तत्काल समाप्त करनी होगी। उन्होने कहा कि कम से कम दो माह बिजली निरंतर सप्लाई किया जावे, अभी से तेज गर्मी के कारण फसल को ज्यादा पानी की आवश्यकता है। अन्यथा सभी जगह ग्रीष्मकालीन धान फसल सिंचाई के अभाव में मर जायेंगे। किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री से मृतक किसान परिवार को 25 लाख रुपए मुआवजा तत्काल प्रदान कर पूरे प्रदेश में सिंचाई पंपों की बिजली कटौती दो माह तक रोके जाने की मांग की।



## मार्कंडेय ऋषि की तपोभूमि मोहदा धाम में आज मेला

तरपोंगी। महर्षि मार्कण्डेय की तपोभूमि मोहदेश्वर धाम मोहदा में 13 मार्च को रात्रि में विशाल मेला लगेगा। होलिका दहन के बाद हजारो लोग रानी सागर के पवित्र जल में स्नान कर शिवलिंग का अभिषेक करेंगे। प्रत्यक्ष रूप से वर्ष में तीन बार स्वरूप बदलने वाले अनूठे शिवलिंग का दर्शन चमत्कारी रूप से फलदायी होता है। होलिका दहन की रात्रि लगने वाले विशाल शिव मेला में सम्मिलित होने दूर दूर से लोग पहुँचते है।

मोहदेश्वर धाम मोहदा रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तरपोंगी बस स्टेण्ड से एक किलो मीटर पूर्व में स्थित है। जब लोग होली के मस्ती में मस्त रहते है तब ग्राम मोहदा में हजारो लोग पूरी शालीनता एवं सादगी के साथ मेला में सम्मिलित होते है।यहां आदिकाल से होलिका दहन की रात्रि में प्रतिवर्ष विशाल शिव मेला लगता है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग झरोखा दुष्यन्त हरमुख कृत का कार्यक्रम रखा गया है।





## पेज 13 के शेष...

### होली इफेक्ट... ट्रेनें ....

हैं। रायपुर से गुजरने वाली दस से अधिक ट्रेनों के जनरल कोच में जबरदस्त भीड़ बढ़ी है। मुंबई-हावड़ा रूट की अधिकतर ट्रेनों के साथ सिकंदराबाद-दरभंगा, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति, पुरी-अजमेर के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं रही। **स्लीपर और एसी कोच में रही ठसाठस भीड़ :** रायपुर से दिल्ली रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं। दिन में 5 ट्रेन होने के बावजूद ट्रेनों में वेटिंग सूची 100 के पार ही होती है। बुधवार को समता एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी ठसाठस भीड़ रही। कन्फर्म टिकट के यात्रियों को भी अपनी सीट में पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ***होली में कई बसें रहेंगी बंद :*** ट्रेनों के साथ बसों में यात्रियों की भीड़ बढ़ चुकी है। बस में तीन से चार घंटे का सफर यात्रियों को भारी पड़ रहा है। होली के दिन लंबी दूरी की बसों का संचालन शुरू रहेगा, लेकिन कई लोकल बस बंद रहेगी। इस वजह से बुधवार को बसों में यात्रियों की संख्या अधिक रही। जिस जगहों पर ट्रेन की सुविधा नहीं है उस रूट की बसों में यात्रियों को बैठने की भी जगह नहीं मिली। रायपुर से कसडोल, सरायपाली, पिथौरा, कांकेर समेत बलौदाबाजार जाने वाली कई बसों में भीड़ रही।

### शहर में 800 ....

को थाना बुलाकर समझाइश दी जा रही है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने सभी थानों के टीआई को कानून-व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले बमदाशों की धर पकड़ कर जेल दाखिल करने निर्देश दिए हैं।

### सरकारी अस्पतालों में ...

नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ समेत समस्त सभी विभागों को विशेष निर्देश जारी किया गया है। होली के दिन किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं के संभावित प्रकरणों के आने के मद्देनजर चिकित्सकीय व्यवस्था का सुचारू रूप संचालन करने कहा गया है। इस दिन सरकारी छुट्टी होने की वजह से ओपीडी का संचालन नहीं होगा, मगर आपात चिकित्सा सेवा पूर्व की भांति 24 घंटे जारी रहेगी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से होली की मस्ती के दौरान किसी अप्रिय घटना का शिकार होकर आने वाले मरीज और उसके अटेंडर उपचार व्यवस्था को प्रभावित ना करें, इसके लिए वहां बंदूकधारी जवानों को भी तैनात किया जाएगा।

### केंद्रीय मूल्यांकन का ...

मूल्यांकन भी शुरू कर दिया है। केंद्रीय मूल्यांकन होने के कारण वरिष्ठ प्राध्यापक इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे प्राध्यापकों में अधिकतर या तो नए हैं अथवा निजी महाविद्यालयों अध्यापन कार्य कर रहे हैं। वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व हुई बैठक में कुलपति ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। बैठक में दी गई जानकारी के मुताबिक, मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षकों में 10 से 20 प्रतिशत शिक्षक ही शासकीय महाविद्यालयों के हैं।

### ग्राम कठिया में मानसगान समारोह 15 से 17 तक

अभनपुर। बाल समाज श्री मानस परिवार के तत्वाधान मे त्रि दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन 15 से 17 मार्च तक ग्राम कठिया मे रखा गया है। प्रतियोगिता मे प्रदेश के अलग अलग क्षेत्र के ख्याति प्राप्त मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगे। उक्त जानकारी हितेश गुप्ता द्वारा दी गई है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर की ओर से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत 6 से 8 मार्च तक तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिलों से कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं रायपुर जिले से कल्याणी देवांगन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निसदा (आरंग) स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने प्रशिक्षण में शामिल हुई। प्रशिक्षण में आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञ प्रोफेसरों के द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में सीखने हेतु



मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण, कारण ढूंढने, तार्किकता, गणितीय कुशलता प्राप्ति हेतु नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों को अपनाने हेतु विस्तारित चर्चा हुई। साथ ही संस्थान के सभी विभागों के प्रयोग शालाओं का भ्रमण करवाकर सभी विभागों के अत्याधुनिक उपकरणों एवं चल रहे शोध कार्योर् से शिक्षकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आईआईटी के डायरेक्टर डॉ. राजीव प्रकाश, कोऑर्डिनेटर डॉ. महबूब आलम एवं डॉ. नागेश देवीदास पाटिल शामिल रहे। प्रशिक्षित शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत उक्त प्रशिक्षण को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रभावी बताया तथा सभी शिक्षण तकनीकों को अपने विद्यालय में अपनाने की बात कही। प्रशिक्षण हेतु आईआईटी भिलाई एवं राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय के सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश, राजकुमार चापेकर एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर एवं विवेक शर्मा एपीसी दुर्ग ने माना कि यह कार्यक्रम प्रदेश के बच्चों के लिए एक नई दिशा दिखाएगी। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मनोवैज्ञानिक चिंतन, गणित व विज्ञान के छोटे–छोटे प्रयोग हेतु लो या जीरो बजट में सामग्री निर्माण कर सीखने पर जोर देना एवं शिक्षा नीति पर जोर देते हुए विषय को और सहज तरीके से बच्चों तक पहुंचाना था।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

ई. क्र./ / अ- 6 / वर्ष 2025
रायपुर दिनांक 11/03/2025
ग्राम- पंडरीतराई, प.ह.नं. 47,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. श्रीमती राजश्री गोपन पति बी.पी. गोपा कुमार 2. श्रीमती पुष्पा मेनन पति गोपाल मेनन दोनों निवासी- गंगोत्री इंडन के पास, अनुग्रह, न्यू शांति नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.न. 47, तहसील व जिला - रायपुर स्थित भूमि प्लाट नंबर - 61/4क, खसरा नंबर - 572/18 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता एस. सुरेन्द्र नायर पिता स्व. पी. के. एस. नायर निवासी - म. नं. - 31 /544, न्यू शांति नगर, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03/04/2012 के माध्यम से क्रय किया है। अतः आवेदकगण द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपनाम नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/03/2025 को इस न्यायलय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -09, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 10/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप वर्मा पिता श्री स्व. के.सी. वर्मा निवासी अमलीडीह, रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम- जोरा, प.ह.नं.-66, रा.नि.मं. रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 10/322 रकबा 0.0740 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04/02/025 के परिपालन में दिनांक 27/03/25 को समय 01.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-09

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर .... तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गुलाब बाई पिता श्री घसिया महेश्वरी निवासी तेलीबांधा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर .... तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 391/2 रकबा 0.170 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.02.2025 के परिपालन में दिनांक 19.03.2025 को समय 1:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 64 के तेलीबांध स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर- ......

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.).**

रा.मा.क्र. /अ 21वर्ष 2024-25
ग्राम - सिलपट्टी, प.ह.नं. 9

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आजू राम यादव पिता स्व. जुला राम यादव, निवासी-सिलपट्टी द्वारा ग्राम सिलपट्टी, प.ह.नं. 9 स्थित शासन से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 305/36 रकबा 0.809 हे. को आवेदक के पुत्र राजकुमार यादव का किडनी खराब हो जाने के कारण किडनी प्रत्यारोपण बाद उपचार जारी है, बार-बार ऋण के रूप में आर्थिक सहायता लेना पड़ रहा है, अतः अपने पुत्र के उपचार हेतु उक्त भूमि को शत्रुहन साहू पिता सरजूराम साहू, निवासी- दलदलसिवनी के पास राशि 13,12,000.00 रू. में विक्रय करना चाहता है जिसके लिए भूमि बिक्री मंजूरी हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 27.03.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति या आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।
(मो. नंबर 9300903562)

मुहर — तहसीलदार, तिल्दा–नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास संगठन द्वारा बुधवार को विभिन्न स्थानों पर शांति सौहाद्र बनाए रखने के लिए होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें संजय नगर, संतोषी नगर, मठपारा, टिकरापारा सहित अनेक जगहों पर मनाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने खूब नगाडा बजाया और समाज प्रमुखों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये जिसमें पारंपरिक फाग गीत मुख मुरली बजाए भगवान कृष्ण पर आधारित था इसी प्रकार से दुकालू यादव द्वारा गाए गए गीत ऑटो वाले भाटो जैसे अनेक प्रचलित गीत आकर्षण के केंद्र रहे। कुमार सोनकर, पवन विश्वकर्मा आदि अनेक सामाजिक मुखिया ने अपने गायन की प्रस्तुति की जिससे सभी समाज जन मंत्र मुक्ध हो गए।

### भारतमाला परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच हो

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू जी ने भारतमाला परियोजना में हुई गड़बड़ी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भारतमाला परियोजना में



बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है। और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना है कि अधिसूचना जारी होने के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया। जमीन एक बार अधिग्रहित की गई थी उसे दोबारा भूअर्जन किया गया, जिसे मुआवजा मिलना था उसे ना देकर दूसरे को मुआवजा दिया गया। जमीन के 13 मूल खाताधारकों के खसरे को 54 टुकड़ों में बांटा गया।

### मुख्य आरोपी का नाम लेने से महंत को क्यों परहेज है? : गौरीशंकर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कहा है कि भारतमाला परियोजना



में घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 2021-22 में ही प्रेस वार्ता लेकर स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के संरक्षण में सारा घोटाला हुआ, लेकिन कांग्रेस तब उसे भारतीय जनता पार्टी का दिमागी फितूर करार दे रही थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीवास ने कहा कि आज सरकार जाने के बाद कांग्रेस विधानसभा में घोटाले की बात कर रही है और सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जबकि राज्य सरकार इस पर स्वस्फूर्त जाँच कर रही है और दो अधिकारियों को निलंबित करके इस मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। श्री श्रीवास का स्पष्ट कहना है कि इस पूरे मामले का जो मास्टरमाइंड हरमीत खनूजा है, उसका नाम लेने से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को क्यों परहेज है? महंत ने भूपेश सरकार के कार्यकाल में इस बात को बुलंद क्यों नहीं की?

# एक्सपायरी डॉट से बायसन की मौत, डॉक्टर को मूल विभाग में भेजने तीसरी दफा लिखा पत्र

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सपायरी डॉट लगाने की वजह से बायसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर राकेश वर्मा को उनके मूल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास में वापस भेजने विभागीय अफसरों ने वनमंत्री केदार कश्यप को तीसरी दफा पत्र लिखा है। बावजूद इसके डॉक्टर को उनके मूल विभाग में नहीं भेजा गया है।

बायसन की मौत के बाद डॉ. वर्मा के सारे प्रभार छीन लिए गए हैं। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा महज एक डॉक्टर पीके चंदन के भरोसे चल रही है। डॉ. वर्मा का संविलियन जब तक निरस्त नहीं हो जाता, तब तक नए वन्यजीव डॉक्टर की नियुक्ति कर पाना संभव नहीं है। जनवरी में जंगल सफारी से एक मादा सब एडल्ट बायसन को ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क के लिए रवाना किया गया था। बायसन को बेहोश करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाए गया था, वह एक्सपायरी था, जिसकी वजह से बायसन होश में नहीं आया और उसकी बेहोशी की हालत में रास्ते में मौत हो गई। एक्सपायरी डॉट लगाने से बायसन की मौत की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में विभागीय अफसरों ने डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके साथ ही डॉक्टर के सारे प्रभार छीन लिए गए।

- पत्र में डॉक्टर की गलत तरीके से प्रतिनियुरक्ति करने का उल्लेख
- वर्तमान में वन्यजीवों का स्वास्थ्य एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा



बायसन को ट्रेंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी
बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

*हिमालयन भालू की मौत भी लापरवाही का नतीजा : पिछले महीने नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से जंगल सफारी के लिए हिमालयन भालू लाया जा रहा था, जिसकी सफारी पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई थी। उस भालू को लाने के समय मॉनिटरिंग डॉ. वर्मा कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक भालू को रास्ते में मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य परीक्षण नहीं मिल पाने की वजह से भालू की मौत हुई थी।*

### गलत तरीके से प्रतिनियुक्ति

विभागीय सूत्रों के मुताबिक एसीएस ऋचा शर्मा ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखा है। पत्र में एसीएस ने डॉक्टर वर्मा की प्रतिनियुक्ति गलत तरीके से किए जाने की बात का उल्लेख किया है। बावजूद इसके डॉक्टर के खिलाफ शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### आईएफएस ने एफआईआर दर्ज करने की थी अनुशंसा

डॉ. वर्मा के खिलाफ बायसन को एक्सपायरी डॉट लगाकर बायसन को मारने तक का ही आरोप नहीं है, उनके खिलाफ वर्ष 2017-18 में वसुंधरा नामक लॉयन की मेटिंग कराकर गर्भधारण कराने का आरोप है। इस मामले में डॉक्टर ने अपने आपको बचाने के लिए सरकारी दस्तावेज में कूटरचना करने तक की साजिश की थी। दस्तावेजों में कूटरचना करने की वजह से जंगल सफारी प्रबंधन ने डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तक की अनुशंसा की थी, जिस पर अब तक किसी तरह से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## कालीबाड़ी चौक पर भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाया

# फुटकर पथ विक्रेताओं ने व्यवस्थापन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे ठेला, गुमटी लगाकर परिवार का पालन पोषण करने वाले फुटकर पथ विक्रेताओं ने बुधवार को कालीबाड़ी चौक पर प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तियां लेकर ये लोग उचित व्यवस्थापन की मांग करने जुटे। इनका कहना है, निगम प्रशासन ने इन्हें पुरानी जगह से हटाकर आमानाका ओवरब्रिज के नीचे व्यवस्थापित कर दिया है। इससे उनके सामने आजीविका की समस्या उठ खड़ी हुई है। प्रभावित फुटकर विक्रेताओं ने भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

- अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे कारोबार करने वाले वेंडर शामिल

पथकर विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने फुटकर व्यवसाय करने वाले पथकर विक्रेताओं ने भूख मिटाने भीख मांगो अभियान चलाया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के उपाध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय और वीरेन्द्र पांडे के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में प्रभावित फुटकर विक्रेता शामिल हुये। गौतम बंदोपाध्याय ने बताया कि शहर में ठेले और खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वाले 40 हजार से अधिक फुटकर पथ विक्रेता सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े होकर छोटा-मोटा काम कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनों एक निर्देश जारी किया है कि इन पथ विक्रेताओं को पहचान पत्र दिया जाये। साथ ही टाउन वेंडिंग कमेटी बनाकर शहरभर में वेंडिंग जोन तय कर इन्हें व्यवस्थापित किया जाये। जब तक इन वेंडरों का व्यवस्थापन नहीं हो जाता, तब तक वे जहां व्यवसाय कर रहे हैं, वहां से बेदखल न किया जाये, पर नगर निगम प्रशासन इन निर्देशों की अवहेलना कर रहा है।





### 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता प्रभावित

श्री बंदोपाध्याय ने कहा कि 15 फरवरी 2025 को बलपूर्वक पथ विक्रेताओं का ठेला व सामान बिना पावती दिये उठाकर ले गये और सैकड़ों फुटकर विक्रेताओं का व्यवसाय बंद कर दिया गया। अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने सड़क के दोनों तरफ करीब 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता इससे प्रभावित हुये हैं। उनके सामने भीख मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इसीलिए पथ विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ ने तय किया कि शहर के अलग-अलग हिस्से में भीख मांगकर विरोध जताते हुए उचित व्यवस्थापन की मांग करेंगे।

# बजाज ने छोड़ा पारवानी का साथ एकता पैनल के संयोजक बनाए गए



- कार्यभार संभाला
- 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केंद्रित रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव को लेकर खींचतान जारी है। निवृत्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के चुनाव मैदान से हटने के दूसरे ही दिन विनय बजाज की एकता पैनल में वापसी हो गई है। अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल का साथ छोड़कर वे श्रीचंद सुंदरानी के व्यापार एकता पैनल में लौट आये हैं। उन्हें व्यापार एकता पैनल का संयोजक बनाया गया है।

विदित हो, जय व्यापार पैनल से कुछ समय पूर्व अमर गिदवानी, अमर पारवानी का साथ छोड़कर व्यापारी एकता पैनल में शामिल हुए थे। इधर जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान से हटने की घोषणा के बाद प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि बुधवार को रायपुर पहुंचे और अमर पारवानी से मिलकर उन्हें चुनाव मैदान में डटे रहने आग्रह किया। बैठक में जय व्यापार पैनल के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी पटेल मौजूद रहे। निवृत्तमान प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों से कहा कि नई पीढ़ी को भी मौका मिलना चाहिये। पैनल के वरिष्ठजन जिन्हें पैनल से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी सर्वसम्मति से बनायेंगे, वे उनका पूरा समर्थन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक करीब 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केन्द्रित रही। पारवानी समर्थकों ने भी उन्हें मनाने की कोशिश की, पर वे अपनी बात पर डटे रहे।

### त्योहार के बाद हो सकती है अध्यक्ष पद प्रत्याशी की घोषणा

जय व्यापार से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी कौन होगा, इस बात को लेकर व्यापारी जगत की निगाहें टिकी हुई हैं। यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल नए चेहरे पर दांव लगा सकता है। सूत्रों के मुताबिक होली त्योहार के बाद जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोषणा की जा सकती है।

# धार्मिक यात्रा के लिए 1200 सिख व सिंधी जत्था रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित हजूर साहिब नांदेड़ व गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए बुधवार को रायपुर रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से जत्था रवाना हुआ। इसे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने हरी झंडी दिखाते हुए शुभारंभ किया। मोनू सलूजा ने बताया कि यात्रा का यह 24वां वर्ष है। इसमें 1200 सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल हैं। इनके लिए 13 बसों व 4 ट्रकों की व्यवस्था निःशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए की गई है। यात्रा रायपुर से राजनांदगांव गुरुद्वारा पहुंचने पर विश्राम एवं लंगर करेगी। 13 को श्रद्धालु नांदेड़ पहुंचेंगे, जहां गुरुद्वारों का दर्शन करने के बाद आगे बढ़ेंगे। सेवादारों में दलजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह भामरा, गुरुचरन सिंह टैंक, गुरमुख सिंह होरा, अमरजीत सिंह चावला प्रमुख हैं।

- नेता प्रतिपक्ष ने दिखया हरी झंड़ी
- यात्रा में शामिल हुए 1200 श्रद्धालु

### 18 को रायपुर पहुंचेंगे श्रद्धालु

इनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब प्रमुख हैं। 15 को सचखंड हजूर साहिब में होला महल्ला का आयोजन होगा। इसके बाद यात्रा बिदर रवाना होगी। 16 को संगत गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर में कीर्तन दरबार में शामिल होंगे। इस स्थान पर गुरु नानक देव जी ने टीले से पत्थर हटाते हुए मीठे जल का प्रवाह किया था। 17 को यात्रा पुनः नांदेड़ से शाम 4 बजे वापस रवाना होगी और 18 को सुबह रायपुर पहुंचेगी।

## रावांभाठा में बायोगैस प्लांट का विरोध, कलेक्टर को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम के रावांभाठा में प्रस्तावित बायोगैस प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होते ही विरोध भी शुरू हो गया है। ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे तय जमीन पर काम शुरू होने से पहले ही महापौर, एमआईसी मेंबर्स के साथ पार्षद लामबंद होकर सामने आ गए हैं। कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा की अगवाई में बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन देते हुए आपत्ति जताई है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरा होने से बिरगांव निगम पहले ही प्रदूषण का दंश झेल रहा है। अब बायोगैस प्लांट लगाने से 5 वार्डों की जनता को दुर्गंध, प्रदूषण की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। इसे देखते हुए प्रतिनिधि मुखर होकर आपत्ति दर्ज कराने पहुंचे। पंकज शर्मा के साथ ही महापौर नंदलाल देवांगन, सभापति कृपाराम, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद, रियाज खान, वहीं ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी ने भी प्लांट को दूसरे स्थान पर लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। कलेक्टर को बताया कि जिस जगह प्लांट लगना है, उससे सौ मीटर की दूरी पर सामुदायिक अस्पताल के साथ सरकारी व प्राइवेट स्कूल है। वहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वास्थ्य का खतरा बढ़ने की स्थिति बनेगी।

- बिरगांव निगम के महापौर, एमआईसी मेंबर व पार्षद हुए शामिल

## बिजनेस साइट

### होली में डॉ. सुनील कालडा करेंगे दो दिन निशुल्क उपचार



**रायपुर।** होली के दौरान चिकित्सकों की अनुपलब्धता और रंगों से होने वाली समस्याओं को देखते हुए, प्रदेश के प्रसिद्ध बर्न सेंटर के संचालक प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालडा ने इस बार भी होली के दो दिन का निःशुल्क प्राथमिक उपचार और सलाह देने की व्यवस्था की है। यह सेवा उनके पचपेढ़ी नाका, कलर्स माल के पास और चौबे कालोनी स्थित कालडा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर में उपलब्ध रहेगी। डॉ. कालडा ने आम जनता से अपील की है कि होली खेलने से पहले मॉइस्चराइजर और लिप बाम का उपयोग करें, और केवल हर्बल रंगों से होली खेलें। इसके साथ ही अगर किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत अस्पताल जाएं।

### छत्तीसगढ़ में पीएचडीसीसीआई ने राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया



**रायपुर।** पीएचडीसीसीआई ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से रायपुर, छत्तीसगढ़ के होटल बैबिलॉन इंटरनेशनल में राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम (2 दिवसीय कार्यशाला) का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के माध्यम से नवाचारों की पहचान और सुरक्षा करना था, साथ ही इन नवाचारों के ब्रांडिंग और विपणन में भी मदद करना था, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में संपत्ति सृजन की संभावनाएं बढ़ सकें। कार्यशाला में विभिन्न एमएसएमई, स्टार्टअप्स और संबंधित हितधारकों को आईपी के महत्व और नवाचारों की सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। पीएचडीसीसीआई के सीईओ और महासचिव डॉ. रणजीत मेहता ने उद्घाटन भाषण में आईपी यात्रा कार्यक्रम के महत्व को बताया और भारतीय अर्थव्यवस्था में आईपीआर के बढ़ते योगदान पर चर्चा की। उन्होंने नवाचारों के लिए आईपीआर को एक उपकरण के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

### श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में महिलाओं को किया गया सम्मानित



**रायपुर।** श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के सभी महिला कर्मचारियों, स्वीपर से लेकर वरिष्ठ डॉक्टर तक को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महिलाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियां और खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक पुरस्कार जीते। श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ सुशील शर्मा ने कहा हम इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। एमडी एनेस्थीसिया डॉक्टर अशीत नायक ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा, यह महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक कदम है, जो उन्हें अपने करियर और व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

### एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में 'नेफ्रो हीरोइक 3.0' का आयोजन




**रायपुर।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने विश्व किडनी दिवस के अवसर पर 'नेफ्रो हीरोइक 3.0' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में किडनी की बीमारियों से सफलतापूर्वक जंग जीतने वाले मरीजों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग शामिल हुए। जिनमें मरीज, उनके परिवार और अस्पताल के कर्मचारी शामिल थे। इस दौरान मरीजों ने किडनी की बीमारियों से लड़ने के अपने अनुभवों को साझा किया और एक दूसरे को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी माहौल को जीवंत बना दिया, जिसमें गायन और नृत्य शामिल थे।

### रोटरी क्लब कॉस्मोपॉलिटन ने मनाया होली मिलन



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने वीआईपी रोड पर फार्म हाउस में बुधवार को फूलों की होली खेल कर होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया। सभी मेंबर्स ने होली के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे के साथ गुलाल से होली खेली। सभी मेम्बर्स ने होली के गानों पर डांस किया एवं गेम्स भी खेला।कार्यक्रम में क्लब प्रेसिडेंट आशीष नथानी सेक्रेटरी, प्रदीप गोयल, दीपक केडिया, अमन टॉटिया एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# 9 बांधों के सुधार के लिए 522.22 करोड़ रुपए ऋण लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट ने राज्य के जल संसाधन विभाग के 9 बांधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रुपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मुरुमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं। मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा। विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा। इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी।

### सुशासन फैलोशिप योजना को मंजूरी

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## सिटी इवेंट

# कैनवास पर उकेरी होली पर केंद्रित कृतियां, सजेगी गैलरी



**रायपुर।** हर साल की तरह होली स्पेशल में इस बार महाकोशल कला परिषद द्वारा होली के रंग कला प्रदर्शनी का आयोजन आर्ट गैलरी में किया जा रहा है। इसका शुभारंभ गुरुवार की शाम 6 बजे मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्र करेंगे। इसके बाद कैनवास पर उकेरी गई होली से जुड़ी यादों को लोग 15 मार्च तक देख सकेंगे। प्रदर्शनी में हर वर्ग के कलाकारों की रचनाओं को सजाने के लिए तैयारी है। इस प्रदर्शनी में कल्याण प्रसाद शर्मा, श्याम निनोरिया, एके मुखर्जी, श्रीनिवास नायडू, डॉ. प्रवीण शर्मा, जयश्री सहित 15 कलाकारों की रचनाओं को सजाया जाएगा।

### इस तरह से तैयार की कृतियां

इस राष्ट्रीय होली के रंग कला प्रदर्शनी में जल रंग, तैलरंग, एक्रेलिक, कोलाज, पेंसिल, चारकोल, पैन व स्याही की मदद से कृतियां तैयार की गई हैं। श्वेत व श्याम, मोनोक्रोम, रंगीन फोटोग्राफी, प्लास्टर ऑफ पेरिस, टेराकोटा के साथ ही लोहा, मिट्टी, कांच मिश्रित माध्यम से बनी रचनाएं प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएंगी। इसमें भक्त प्रहलाद को आग में जलाने का विफल प्रयास, होलिका दहन, रंगों की होली खेलते कृष्ण और राधा भी कैनवास पर नजर आएंगे।

### प्रदर्शनी में होली के कई रंग

बाल कलाकारों ने श्रीकृष्ण सखाओं के साथ होली खेलते हुए, भगवान गणेश एवं मुसक को होली खेलते हुए, आदिवासी बाला की होली, गांव की होली के सुन्दर दृश्यों को विषय के रूप में अपनी रचनाओं में पिरोया है। गैलरी में इस प्रदर्शनी को लोग 15 मार्च की शाम 5 से 7 बजे तक देख सकते हैं।

## एजूकेशन अपडेट

# आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, 10वीं और 12वीं पास करें आवेदन



**रायपुर।** भारतीय सेना ज्वाइन करने का सोच रहे युवाओं के लिए बड़ी अपडेट है। इंडियन आर्मी की ओर से अग्निवीर भर्ती 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जारी सूचना के अनुसार, इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च, 2025 से शुरू कर दी गई है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2025 है। लास्ट डेट बीतने के बाद, कोई एप्लीकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अप्लाई करने के लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर आवेदन करना होगा। जारी सूचना के अनुसार, इंडियन आर्मी इस वैकेंसी के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर टेक्निकल अग्निवीर ट्रेड्समैन और सैनिक तकनीकी नर्सिंग समेत अन्य पदों पर भर्तियां करेगा। इस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जून 2025 में आयोजित हो सकती है। हालांकि, सटीक डेट की जांच करने के लिए उम्मीदवारों को पोर्टल पर विजिट करते रहना चाहिए।

### ये देनी होगी फीस

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जनरल, एससी, एसटी ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 250 रुपए फीस देनी होगी। फीस का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। इसलिए इस बात का ध्यान रखें। इस वैकेंसी के लिए आवदेन करने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं, बारहवीं की मार्कशीट, प्रमाणपत्र, सिग्नेचर की स्कैन्ड कॉपी, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य सभी दस्तावेजों की जरूरत पड़ सकती है।

### जुकेशन क्वालिफिकेशन

अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पदों पर आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को 45 प्रतिशत मार्क्स के साथ मैट्रिक पास होना चाहिए। इसके अलावा वे उम्मीदवार, जिन्हें लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस होगा, उन्हें ड्राइवर भर्ती में प्रेफरेंस भी दिया जाएगा। अग्निवीर टेक्निकल के पदों पर भर्ती करने के लिए 50 फीसदी अंकों के साथ में 12वीं पास होना जरूरी है। अभ्यर्थियों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और अंग्रेजी विषयों में पास होना जरूरी है। वहीं, अन्य पदों से जुड़ी शैक्षणिक योग्यता की जांच करने के लिए अभ्यर्थियों को नोटिफिकेशन की जांच करनी होगी।

### मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा 23 मार्च को

*रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 मार्च 2025 को संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा (**FF**124) का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थी 13 मार्च 2025 से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की आधिकारिक वेबसाइट **vyapamcg.cgstate.gov.in** से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल को क्लिक कर सीधे अपने मोबाइल से प्रवेश पत्र प्राप्त कर प्रिंट आउट ले सकते हैं। प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र में मूल फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मो. नं. +91-82698-01982 पर संपर्क किया जा सकता है।*





## रंगों से परहेज तो सदर बाजार मार्ग से आज बचकर निकलें, उड़ेगी फुहार

# होली से पहले उड़े गुलाल, मंदिरों में शाम को उत्सव, बाजारों में रौनक

**रायपुर।** होली की खरीदी के चलते गोलबाजार में दिनभर रौनक रही। भीड़ के चलते जगह-जगह जाम की स्थिति भी बनी। इस तरह की समस्या कार लेकर घुसने वाले लोगों ने बढ़ाई। वहीं, बच्चों के लिए इलेक्ट्रिक व सामान्य पिचकारी से लेकर हर्बल रंग और गुलाल के साथ ही मास्क की पूछ-परख दिनभर रही। अरविंद जैन ने बताया कि हर वर्ग के लोग 50 रुपए से 15 सौ रुपए प्रति नग पिचकारी खरीदने के साथ होली खेलने के लिए सौ से 250 रुपए की रेंज में सफेद टी-शर्ट भी खरीद रहे हैं। इस बार हर्बल गुलाल 200 से 400 रुपए किलो भी खरीद रहे हैं। कई लोग महंगे हर्बल रंग को भी खरीदना पसंद कर रहे हैं।

> ‘रंगों का पर्व होली अब रंगत में है। दिनभर बाजार में रंग-गुलाल, पिचकारी की दुकानों में लोगों की भीड़ रही। इससे गोलबाजार ही नहीं, शहर के हर क्षेत्र का बाजार बुधवार को गुलजार रहा। जगह-जगह होली मिलन का सिलसिला चलने से भी उत्सव का माहौल बना। मंदिरों में देवी-देवताओं के साथ होली खेलने भक्तों की भीड़ रही। नगाड़े की थाम पर सदर बाजार के नाहटा कॉम्प्लेक्स में फाग गीतों का दौर शुरू होने के साथ बुधवार से रंगों की फुहार उड़ने वाली है।’





### रंगों से गुरेज तो सदर रूट से बचें

सदर बाजार होली उत्सव समिति के संयोजक हरख मालू ने बताया कि हर साल की तरह एकादशी को सेठ नाथुराम की स्थापना नाहटा काम्प्लेक्स में परंपरागत रूप से करने के साथ ही पूजा नियम शुरू किया गया। रोज शाम को फाग गीतों की श्रृंखला को बुधवार की रात बड़ा रूप दिया गया। गुरुवार को ही सदर की होली शुरू होगी। इसे देखते हुए जिन लोगों को रंगों से गुरेज है, ऐसे लोग 13 और 14 मार्च को इस रूट से आने-जाने से बचें। क्योंकि, रंगों का सिलसिला हर साल की तरह ही उत्सव का रूप लेगा, इसलिए डायवर्ट रूट से आना-जाना करें।

### स्कूल-कॉलेज में होली का माहौल

होली पर्व के एक सप्ताह पहले ही शहर के चौक-चौराहों में होली सा माहौल दिखने लगता है। दोस्त, परिवार के सदस्य होली के रंग में झूमते-गाते दिखते हैं। इस अवसर पर हॉस्टल, निगम गार्डन, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी अपने दोस्तों के साथ रंग-बिरंगे गुलाल के रंग व पिचकारी के साथ नजर आए, जिन्होंने अपने शिक्षकों और दोस्तों संग होली खेली।

### मंदिरों में रात 11:35 होलिका दहन

आज कई मंदिरों में होलिका दहन का कार्यक्रम रखा गया है। मंदिर के पुजारियों के अनुसार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11:35 मिनट में है। दूधाधारी मठ, जैतु साव मठ, महामाया मंदिर, सुरेश्वर महादेव पीठ, सरोना स्थित शिव मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, राम मंदिर, राजेन्द्र नजर स्थित जगन्नाथ मंदिर में होली का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां रंग-गुलाल, फाग गीत, गाजा-बाजा और होलिका दहन के साथ पर्व मनाया जाएगा।

### श्रीराम के चल विग्रह की पूजा

राम मंदिर के पुजारी हनुमंत लाल ने बताया कि शाम 5 बजे पूजन-आरती के पश्चात भगवान के चल विग्रह को गर्भगृह से बाहर मंदिर प्रांगण में लाया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को गुलाल लगाने का अवसर दिया गया। इस दौरान मुख्य प्रतिमाओं का पूजन किया गया। होली महोत्सव के दौरान शहरवासियों की भीड़ देर रात तक दर्शन के लिए बनी रही। गुरुवार और शुक्रवार को भी सुबह मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुला रहेगा।



### मंदिर में फूलों की वर्षा

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। होली के खास अवसर पर रंग-गुलाल और फाग गीतों के साथ महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में 13-14 मार्च को भी भव्य रूप से फूल-गुलाल के साथ होली महोत्सव शाम 6 बजे मनाया जाएगा। बुधवार को महोत्सव के दौरान फाग-भजनों के साथ महिलाएं झूमती-गाती नजर आईं। इस दौरान आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।



### भगवान और श्रद्धालुओं की होली फाग गीत में झूमे शहरवासी

होली आस्था और रंगो का त्योहार है, पर्व से पहले ही शहर की गलियां, चौक-चोराहे, मंदिर, स्कूल, गार्डन उत्साह से भर गया है। जहां लोग रंग-गुलाल के साथ होली खेल रहे। इस वर्ष 14 मार्च को देशभर में होली का उत्साह मनाया जाएगा, जिसके पहले शहरवासी मंदिरों में आयोजित होली उत्सव में शामिल हुए। शुभ कार्य से पहले भगवान के साथ होली खेलने के लिए बुधवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु परिवार और दोस्तों के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने आस्था के फूल भगवान को अर्पित किए। बरसे रंग गुलाल श्याम तेरी होली में...गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो...होली आई रे देखो होली आई...होली से पहले श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर पहुंची, जिन्होंने भक्तिमय भजनों का आनंद लिया। बुधवार को वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां भजन गायक योगेश अग्रवाल की मनमोहक प्रस्तुति पर श्रद्धालु थिरकते दिखे। साल में एक बार गर्भगृह से भगवान श्री राम के चल विग्रह को मंदिर से बाहर श्रद्धालुओं के बीच लाया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ धूमधाम से खेला रंग-गुलाल



महिला एवं बाल विकास कालीबाड़ी सेक्टर के अंतर्गत आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं ने बुधवार को होली के पहले दिन धूमधाम से रंग गुलाल खेलकर जश्न मनाया। बच्चों ने बहुत ही उत्साह और जोश के साथ एक दूसरे के ऊपर रंग लगाया। बच्चों ने रंग, गुलाल और पानी की बौछारों से एक दूसरे को रंगा। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह की झलक साफ दिखाई दे रही थी। आंगनबाड़ी की शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ होली खेली और उन्हें इस त्योहार के महत्व के बारे में बताया। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि होली का त्योहार प्यार, स्नेह और एकता का प्रतीक है।

### महाराष्ट्र मंडल में आज जलेगी कंडे की होली

*चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार शाम को 7 बजे कंडे की होली जलाई जाएगी। इसके बाद संत ज्ञानेश्वर सभागृह में 16 मार्च को शाम 4 बजे से महाराष्ट्र मंडल के होली मिलन समारोह होगा। इसी दौरान मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि, महाराष्ट्र मंडल पर्यावरण का संरक्षण के उद्देश्य से लगभग 10 वर्षों से लकड़ी की जगह पर कंडे और गोकाष्ट के उपयोग को प्राथमिकता देने की मुहिम चला रहा है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पहली बार महाराष्ट्र मंडल अब कंडे की होली जलाएगा। इस बीच मंडल सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने आजीवन सभासदों के साथ-साथ आमजनों से भी अपील की है कि रंगों की होली जमकर खेलें, लेकिन पानी के दुरुपयोग से बचें। स्वयं भी कम से कम पानी का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए तैयार करें। मंडल के उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि होली की मस्ती से सराबोर कई हास्य- परिहास के मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।*

### डीडीयू नगर में आज होगी होलिका दहन

*डीडीयू नगर मोहल्ला विकास सुरक्षा समिति की ओर से होली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में डीडीयू नगर के वरिष्ठ नागरिक, महिला और बच्चे लोग शामिल होकर होली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष होली का दहन का गुरुवार को रात्रि 10:30 बजे किया जाएगा। यह जानकारी समिति के संरक्षक राधे श्याम गोयल ने देते हुए बताया कि, होलिका दहन के कार्यक्रम में समिति के प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडे होंगे और इसका संचालन समिति के संरक्षक राधे गोयल द्वारा किया जाएगा। होलिका दहन कार्यक्रम में आसपास के लोग शामिल होंगे।*

# महापौर मीनल चौबे को मिला महामूर्ख का खिताब

**रायपुर।** कार्टून वॉच के 30वें महामूर्ख का ताज नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को दिया गया। कार्टून वॉच के संपादक त्रयंबक शर्मा ने गुलाल का टीका लगाकर उन्हें महामूर्ख का ताज पहनाया। बुधवार को यह कार्यक्रम हरिभूमि और आईएनएच न्यूज़ के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रसारण आईएनएच चैनल पर होली के दिन किया जाएगा। कार्यक्रम में त्रयंबक शर्मा ने कहा, मतदाताओं ने इस बार एक खूबसूरत महापौर को भारी मतों से चुना है, इस उम्मीद के साथ कि वह राजधानी को भी अपनी तरह खूबसूरत बना देंगी। उन्होंने कहा कि पानी हर घर की जरूरत है और जनता को पानी मुहैया कराना निगम का दायित्व है। उन्होंने हास्य रूप में कहा कि जनता ने इस बार उसे महापौर चुना है जिसके नाम में नल है, क्योंकि उनका नाम मीनल है। इस सुनकर श्रीमती मीनल चौबे भी हंस पड़ीं।

## कहाः जनसेवा की मूर्खता करती रहूंगी




### जैसा भी काम करूं, उसी नजर से देखेंगे

महापौर मीनल चौबे ने यह सम्मान खुशी से स्वीकार करते हुए कहा कि कार्टून वॉच द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए गर्व की बात है और वह आगे भी जनसेवा की मूर्खता करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनके नाम में नल है वाली व्याख्या उन्हें पहली बार सुनने को मिली, और यह उनके दायित्व को और बढ़ा देती है। उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं चाहूंगी कि मैं जैसा भी काम करूं, आप लोग रायपुर को उसी नजर से देखेंगे, तो वह भी खूबसूरत ही लगेगा।

### कवियों ने भी गुदगुदाया

इस अवसर पर कई कवियों ने अपनी कविताओं से महामूर्ख सम्मेलन को जीवंत बना दिया। इनमें कवि किशोर तिवारी, शशि दुबे, भरत द्विवेदी, उमाशंकर मनमौजी और रिक्की बिंदास ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को गुदगुदाया। इस मौके पर आईएनएच के स्थानीय संपादक श्री राजेश लाहोटी, सोनल भारद्वाज, हरिभूमि के निलेश द्विवेदी, वनवासी, सोनू, आरती शर्मा, गरिमा जोशी, अक्षत सिंह, अंजली शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।



13032025-Rai-06_Layout 1 3/13/2025 12:37 AM Page 1



आराधना

# भगवान भाव के भूखे हैं इसलिए किया रुक्मणी हरण



**रायपुर।** भगवान भाव के भूखे होते हैं, इसलिए रुक्मणी की भावनाओं का मान रखने के लिए उनका हरण किया। वहीं, श्रीकृष्ण से द्वेश रखने वाले शिशुपाल की सौ गलतियों को क्षमा देने के बाद, उन्हीं गलतियों के चलते ही वध किया। आदर्श नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महापुराण के अंतिम दिन कथावाचक पं. प्रेम किशोर शर्मा ने यह बात श्रोताओं के बीच कही। श्रीकृष्ण- रुक्मणी विवाह प्रसंग में महाराज ने कहा कि रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी कृष्ण से शत्रुता रखता था और बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। इसे देखते हुए प्रेम का मान रखने के लिए श्रीकृष्ण ने हरण करके रुक्मणी से विवाह किया।

## हवन में शामिल हुए श्रोता



सात दिनों तक कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं ने अंतिम दिन की कथा के बाद जहां रुक्मणी विवाह में उपहार देने उत्साही नजर आए, वहीं अंतिम कड़ी में हवन में शामिल होते हुए आहुति दी। इसके चलते कथा स्थल पर भक्ति का माहौल बना। इसका हिस्सा बनने के लिए आस-पास रहने वाले लोग भी पहुंचे। महाराज को उपहार देकर और उनसे आशीष लेकर श्रद्धालुओं ने विदा किया।

### झांकी देख गदगद हुए लोग

कथा व्यास के मुख से विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु गदगद हुए। कथा के दौरान संगीतमय भजन गीतों से देर शाम तक माहौल भक्तिमय बना रहा। इसे आकर्षक बनाने में कलाकारों ने कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोरम झांकी पेश करते हुए माहौल को भक्तिमय किया। जिसे देखकर श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजक शंकर देवांगन, सरिता देवांगन और चेतन देवांगन के साथ प्राची देवांगन मुख्य कथा श्रोता के रूप में शामिल हुई।

नए विकल्प में एआई, इनवॉरमेंट बेस्ड कॅरियर, सेल्स एंड नेटवर्किंग, ई-कॉमर्स

# युवाओं के क्रिएटिव आइडियाज ने बदला ट्रेंड, अब 12वीं के बाद एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी नया विकल्प

आधुनिक दौर में युवा पीढ़ी का रूझान नए कॅरियर विकल्प की ओर लगातार बढ़ता जा रहा, जिससे रचनात्मक और तकनीकी कौशल विकसित करने में मदद मिल रही। यूथ अपने जुनून और रुचिपूर्ण कार्य के अनुसार अलग-अलग करियर ऑप्शन में जुड़ते जा रहे। इन दिनों युवा पीढ़ी क्रिएटिव आइडियाज के साथ बाजारों में स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर रहे, जिसमें वह कम कीमतों से शुरुआत कर अपने बिजनेस को आगे ले जाते हैं।



**रायपुर।** कक्षा बारहवीं के बाद एआई, सोशल मीडिया, व्यवसाय, चिकित्सा, शिक्षा, फैशन और गेमिंग युवाओं का नया कॅरियर विकल्प बन चुका है, जिसमें कोई निश्चित विषय वस्तु का होना जरूरी नहीं है। बदलते वक्त के साथ कॅरियर ऑप्शन में भी बदलाव देखा जा सकता है, जहां पहले परिजनों की सलाह तक ही बच्चे सिमटे रहते थे, लेकिन अब कॅरियर काउंसलिंग, प्रशिक्षण केंद्र और सोशल मीडिया जैसे बड़े व लोकप्रिय प्लेटफॉर्म की मदद ली जाती हैं। काउंसलर ने अनुसार, अब बच्चों का रूझान कम समय में सफलता की सीढ़ी पार करने में है। वे अपने क्रिएटिव आइडियाज की मदद से कम समय में ही अधिक पैसा कमाने की सोच रहे हैं, जिसका सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला हमेशा कामयाबी तक नहीं पहुंचाता, इसलिए किसी भी कॅरियर का चयन करने से पहले अपने बड़ों या अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूरी है, ताकि सही समय पर दिशा-निर्देश से गलत कॅरियर की ओर बढ़ने से रोका जा सकता है।




### एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी कॅरियर में युवाओं का रूझान

*इन दिनों डिजिटल ट्रांसफर टेक्नोलॉजी फील्ड में यूथ का रूझान तेजी से बढ़ता जा रहा। एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी करियर आने वाले 10-15 साल में मजबूत पकड़ तैयार करेगी। काउंसलर डॉ. अजित ने बताया कि एआई में डेटा एनालिटिक्स, डेटा मैनेजमेंट सिस्ट में बारहवीं के विद्यार्थी अपना कॅरियर बना सकते है। दूसरा इनवॉरमेंट बेस्ड कॅरियर भी अच्छा विचार है, जिन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने में रूझान है वे इसका चयन करें। आधुनिक दौर में लोग नवीन तकनीकों के साथ फार्मेसी और इनवॉरमेंट बेस्ड बिल्डिंग तैयार कराना पसंद कर रहे, ताकि वे खुद को प्रकृति के नजदीक महसूस कर सकें। यह एक सरल और क्रिएटिव फील्ड है, जो अपने नए विचार से सजा सकते हैं।*

### टेक्नोलॉजी में रुचि है तो, साइबर सिक्योरिटी बेहतर ऑप्शन




इन दिनों साइबर सिक्योरिटी में कॅरियर एक तेजी से बढ़ता क्षेत्र है, जिसमें कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को साइबर खतरों से बचाने की टेक्निक्स को बताया जाता है। इसके लिए नेटवर्किंग, क्रिप्टोग्राफी और नैतिक हैकिंग जैसे तकनीकी कौशल के साथ विश्लेषणात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमता और संचार कौशल आवश्यक हैं। इसमें साइबर सुरक्षा प्रबंधक, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर लॉ जैसे पढ़ाई कर सकते हैं। जिसका प्रयोग बढ़ते क्राइम के क्षेत्र में होगा, इसका विकल्प सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्र में होगा, जिससे उपयोगी व्यक्तियों को नौकरी हासिल होगी। यह विकल्प नवीन टेक्नोलॉजी में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए बेहतर ऑप्शन है।

### कॅरियर ऑप्शन में बदला ट्रेंड

कुछ सालों पहले गणित, विज्ञान, अकाउंट, आर्ट के विद्यार्थियों के लिए निश्चित विकल्प तय होते थे, जिसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, चार्टर्ड अकाउंटेंट, फार्मेसी जैसे शामिल थे। बदलते समय में उज्ज्वल भविष्य का वृहद विकास हो गया है, जिसमें निश्चित विषय के अभ्यार्थी ना होने के बाद भी दसवीं और बारहवीं कक्षा की पढ़ाई के आधार पर अन्य विषयों की पढ़ाई की जा सकती है। इस ओर विद्यार्थियों का रूझान बढ़ता जा रहा, जिससे वे कम उम्र में ही खुद को कामयाब देख रहे हैं।

### सेल्स एंड नेटवर्किंग में आगे बढ़े

वर्तमान समय में लोग अपनी जरूरतों का सामान ऑनलाइन मार्केटिंग की मदद से खरीद रहे, जिससे काम सरल हो गया है। काउंसलर डॉ. विकास वर्मा ने बताया कि ई-कॉमर्स, सेल्स एंड नेटर्वकिंग, शिक्षा और मेडिकल चार सबसे बेहतर विकल्प है, जो सालों-साल खत्म नहीं होगा। लोग अपनी जरूरतों का सामान ऑनलाइन परचेस कर रहे, जिसके लिए अभ्यार्थी ई-कॉमर्स को समझें और अपना बिजनेस शुरू करें। बड़े उद्योगपति अपना व्यवसाय को बढ़ाने सेल्स एंड नेटवर्किंग के लिए अनुभवी और क्रिएटिव लोगों का चयन करते हैं, जिसकी सेलरी भी अधिक होती हैं। अगर कोसल व्यक्तित्व और संवाद की कला हो तो वे इस फील्ड में जा सकते हैं। मेडिकल क्षेत्र में अनेक ऑप्शन हैं, इन दिनों मेडिसिन कंपनियां फायदे में चल रही हैं।

समाज लाइव

# संत बाबा गेलाराम साहेब का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव





**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में बुधवार को संत बाबा गेलाराम साहेब का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी दौरान बाबा प्रेमियों द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। अवसर पर सुबह बाबाजी की देवरी पर पंचामृत स्नान कराया गया। इसके अलावा वस्त्रा भूषण श्रृंगार, सत्संग, भजन, कीर्तन, सिमरन, मदाह साहब का पाठ किया गया। साथ ही बाबा भक्तों द्वारा बाबाजी की आरती की गई। पूरा धाम परिसर भक्तों का भगवान है, बाबाजी गेलाराम है, जय श्रीराम के नारों से गुंज उठा। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में इंदरलाल सचेदव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, लाल खूबचंदानी, सुशील केसवानी, घनश्याम माखिजा, अनिल तुल्यानी, दिनेश डवानी, महेश प्रीतवानी, सुनील काशवानी, शिवा खुबचदानी, कमल, गुल्लू काशवानी, रॉकी काशवानी सहित सेवादारी उपस्थित थे।

# लग्जरी कार से महंगा घोड़ा, एक जोड़े की कीमत 40 लाख रुपए

दिन में पीते हैं एक किलो घी

## एक घोड़े की देखभाल में 20 हजार रुपए से भी अधिक का खर्च

*जीवन में शौक से बड़ी कोई चीज नहीं होती, और जब बात घोड़ों के शौक की होती है, तो यह लग्जरी गाड़ियों से भी कहीं अधिक महंगा साबित होता है। राजधानी में कई क्लबों ने देश के विभिन्न हिस्सों से घोड़े और घोड़ियों को लाकर हॉर्स राइडिंग के शौक को एक नई ऊंचाई दी है। इन घोड़ों की कीमत 20 से 40 लाख रुपए तक है।*





### सप्ताह में दो दिन एक किलो घी

शहर के श्रीकांत चौधरी में फार्म हाउस में दो घोड़े हैं, जिनकी कीमत 40 लाख रुपए हैं। बातचीत में बताया कि इसे 3 साल की उम्र में पंजाब से लाया था। एक का नाम अंगद, तो दूसरे विक्रम है। इन घोड़ों की खात बात यह भी है कि यह हिंदी भाषा समझते हैं और डांस करना भी उन्हें आता है। श्रीकांत ने बताया कि 5 साल के घोड़े किंग की ऊंचाई 55 इंच है। घोड़ों की अलग-अलग खुराक में 8 किलो चना, 10 किलो दूध शामिल है। सप्ताह में दो दिन एक किलो घी खिलाया जाता है।

**रायपुर।** युवाओं के लिए यह एक खास शौक बन चुका है, जो इन क्लबों से जुड़कर हार्स राइडिंग की ट्रेनिंग लेते हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में घोड़ों का उपयोग करते हैं। हरिभूमि ने जब घोड़ा पालने के शौकिनों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यह शौक लाइफ स्टाइल का हिस्सा बन चुका है। घोड़ा पालने के शौक तो महंगे कारों से भी महंगा है, क्योंकि इसकी मेंटेनेंस लागत प्रति महीने 40 हजार रुपए तक पहुंच जाती है।

### 6 घोड़े-घोड़ियां, एक पर 40 हजार रुपए तक खर्च

शहर के हार्स राइडिंग क्लब में 6 घोड़े हैं। सभी राष्ट्रीय लेवल की प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। अनोखे करतब में महारत हासिल हैं। संचालक ने बताया कि अन्य पशुओं की तुलना में घोड़े सबसे महंगे होते हैं। हर साल इसकी कीमतों में 10 से अधिक का फर्क देखने को मिल जाता है। संचालक ने बताया कि 6 घोड़े-घोड़ियों पर 30 से 40 हजार रुपए महीना खर्च होता है। रहने के लिए अलग से फार्म हाउस तैयार किया गया है, जिसमें उनकी देखभाल पशु चिकित्सक करते हैं। इसे चने की चूरी, जौ का दलिया, चापड़, विटामिन, कैल्शियम, ब्रूटोन, मूंगफली के पत्ते, ज्वार की कुट्टी, बाजरे की कुट्टी खिलाई जाती है। ऐसी देशी डाइट से ही इसमें ताकत आती है।

# स्टूडेंट्स को खाद्य उत्पाद बनाने की सिखाई विधि, बचने के उपायों पर की चर्चा



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल के कुशल नेतृत्व और गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभा झा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले सत्र में डॉ. अर्पित सोनी ने खाद्य परिरक्षण के पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। जबकि, ज्योति मिश्रा ने खाद्य परिरक्षण के महत्व और उसके विभिन्न तरीकों पर विस्तार से बताया। कुमारी श्रेया राठी ने खाद्य पदार्थों में होने वाली खराबियों और उनसे बचने के उपायों पर चर्चा की। वहीं, डॉ. दीप्ति चंद्राकर ने भोज्य पदार्थों में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों, विभिन्न एंजाइम्स, रसायन और उनकी प्रतिक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को विभिन्न खाद्य उत्पाद बनाने की विधियां सिखाईं। मुख्य रूप से मिक्स फ्रूट जैम, पाइनएप्पल जैम, अमरूद की जैली, विभिन्न प्रकार के अचार (जैसे नींबू, आंवला), आंवला कैंडी, आंवला मुरब्बा और लेमन स्क्वैश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कविता राठी हुई सम्मानित



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित छत्तीसगढ़ महिला सद्भावना सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदान के लिए सुयश महिला प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर आयोजक डॉक्टर मनोज लाहोटी एवं श्वेता लाहोटी ने उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य व यशस्वी दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। साथ ही विश्वास जताया कि श्रीमती राठी निरंतर समाज के हित के लिए अग्रसर रहेंगी। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक छबिलाल सोनी एवं संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी थे। श्रीमती राठी वन बंधु परिषद महिला समिति की प्रदेश मीडिया प्रभारी सहित अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के छत्तीसगढ़ इकाई की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वहीं, विगत 10 वर्षों से घरेलू उद्योग एवं लघु उद्योग संचालित करने वाली स्वावलंबी महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच प्रदान कर प्रदर्शनी का आयोजन एवं उनका सहयोग कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए भी प्रयासरत हैं।

# हम बड़े मंदिर बना रहे हैं, लेकिन पूजा करने वाले हो रहे कम इसलिए सप्ताह में एक दिन अवश्य करें अभिषेक पूजन

## मुनि श्री समतासागर महाराज ने व्यक्त की भावनाएं

**रायपुर।** दर्द बिन कविता कभी पूरी नहीं होती, आंख वो पत्थर की है, जो कभी नम नहीं होती, दीप जब जलता है, हृदय में श्रद्धा का, तो रोशनी दीपावली से कम नहीं होती, यह पक्तियां कवि हृदय वात्सल्य मूर्ति निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने मालवीय रोड रायपुर स्थित बड़ा जैन मंदिर के विद्यासागर सभागार में प्रातःकालीन धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त की। मुनि श्री ने सभा में कहा कि रायपुरवासी अत्यंत पुण्यशाली और महा सौभाग्यशाली हैं, जो गुरुवर ने उन्हें अंतिम आशीर्वाद के रूप में दूरदर्शिता के साथ मंदिर निर्माण के संदर्भ में कुछ निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने इस मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया था और जिनके लिए गुरुवर ने आशीर्वाद दिया, वे सभी लोग सक्षम हैं और उन्होंने कई बड़ी कॉलोनियों का निर्माण किया है।



### एक दिन अभिषेक पूजन अवश्य

मुनि श्री ने आगे कहा कि आपका चढ़ाया हुआ द्रव्य कभी बेकार नहीं जाता, वह कई गुना वृद्धि को प्राप्त होता है। इस दौरान, मुनि श्री पवित्रसागर महाराज ने कहा कि हम बड़े-बड़े मंदिर बना रहे हैं, लेकिन वहां पूजा करने वाले कम होते जा रहे हैं। इसलिए, सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अगर वे रोज़- रोज़ भगवान का अभिषेक और पूजन नहीं कर पा रहे हैं, तो सप्ताह में कम से कम एक दिन अभिषेक पूजन अवश्य किया करें।

### शांतिधारा के साथ नित्य नियम पूजन

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी और स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने बताया कि मुनि श्री समता सागर जी महाराज को पड़गाहन कर आहार दान का सौभाग्य नरेंद्र जैन गुरुकृपा परिवार को प्राप्त हुआ। सामायिक के बाद अपराह्न में मुनि संघ का मंगल विहार टैगोर नगर के जैन मंदिर के लिए हुआ। 13 मार्च गुरुवार को सभी कार्यक्रम यहीं से संपन्न होंगे। प्रातः 7:30 बजे से मंगलाष्टक के साथ अभिषेक और शांतिधारा के साथ नित्य नियम पूजन और आचार्य छत्तीस विधान संपन्न होगा। इस बीच मुनि संघ की देशना होगी और मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिष्ठित समाधि स्थल से प्राप्त आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज के अष्टधातु से निर्मित चरणों को स्थापित किया जाएगा।




## सिटी स्पोर्ट्स

### बस्तर ओलम्पिक के विजेता खिलाड़ियों को आवासीय खेल अकादमी में मिलेगा सीधा प्रवेश



**रायपुर।** बस्तर ओलम्पिक में संभाग स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमियों में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने बताया कि उन विजेता खिलाड़ियों को चयन ट्रायल से छूट दी जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं गृह (पुलिस) विभाग के संयुक्त पहल पर बस्तर ओलम्पिक, 2024 का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन दिसम्बर, 2024 में सम्पन्न हुआ था। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा बस्तर ओलम्पिक में 14 से 17 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को खेल अकादमियों में प्रवेश देने संबंधी आदेश आज 12 मार्च को जारी कर दिया है। इन अकादमियों में खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षण, खेल परिधान, आधुनिक खेल प्रशिक्षण, खेल उपकरणों की सुविधाएं एवं खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। बस्तर संभाग के सभी जिले के खेल अधिकारियों को सभी खिलाड़ियों से सहमति पत्र एवं एडमिशन संबंधी दस्तावेज लेकर 31 मार्च तक संचालनालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही साथ बस्तर ओलम्पिक में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के लिए खेलवृत्ति की राशि रू. 30 लाख 11 हजार 400 बस्तर संभाग के जिलों बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं सुकमा को आबंटित कर दिया गया है। सभी जिला खेल अधिकारियों को संबंधित खिलाड़ियों के बैंक खाते में सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप इटली में आकाश बने उपविजेता, जीता रजत पदक



**रायपुर।** प्रतिभावान खिलाड़ी आकाश गुरुदीवान ने किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत के लिए सिल्वर किक लगाकर विदेशी धरती पर कोरबा और छत्तीसगढ़ को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। सीनियर वर्ग में फाइनल तक पहुंचे के फाइटर आकाश ने वेनिस जेसेलो इटली में हुए रोमांचक व अंतिम मुकाबले में कजाकिस्तान के अपने प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के समक्ष कठिन चुनौती पेश की। उन्होंने इस अंतर्राष्ट्रीय रिंग में सिल्वर मेडल जीता और उपविजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से सम्बद्ध किकबॉक्सिंग खेल की अंतराष्ट्रीय इकाई वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन (वाको) एवं इटालियन किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में जेसेलो इटली में 5 से 10 मार्च तक वल्ड कप का आयोजन किया गया। स्पर्धा में दुनिया भर के विभिन्न देशों एवं क्लबों की 418 टीमों से कुल 2693 खिलाड़ी पहुंचे थे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मंत्रालय युवा मामले एवं खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संस्था वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन का 9 सदस्यीय दल ने भारतीय किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं भारतीय टीम के प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न वजन वर्ग में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय दल पदक जीतने के पश्चात वापसी के लिए उड़ान भर चुका है। फाइनल में रैंकिंग में विश्व के नंबर-8 खिलाड़ी साफरोव फजलिद्दीन से भिड़े थे। आकाश से छत्तीसगढ़ के होनहार किक बॉक्सिंग खिलाड़ी आकाश गुरुदिवान ने क्वालिफिकेशन के आधार पर फाइनल में स्थान बनाथा, जिसमें उनका मुकाबला 91 किग्रा वजन वर्ग फुल कांटेक्ट इवेंट में कजाकिस्तान के खिलाड़ी साफरोव फजलिद्दीन से हुआ।

### शिवानी को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल



**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप मेन एंड वुमन की टूर्नामेंट गुजरात के वडोदरा के पारुल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। 7 से 10 मार्च तक आयोजित इस स्पर्धा में अंबिकापुर की शिवानी सोनी ने संत गाहिरा गुरु यूनिवर्सिटी के तरफ़ से वहाँ मिक्स डबल इवेंट में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उन्हें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी मिली। शिवानी इस सफलता का श्रेय कोच राजेश प्रताप सिंह, जितेंद्र पटेल व सुदीप मडवाड़कर को देती है।

आंखों की सुरक्षा आपके लिए सबसे पहले

# होली खेलते समय लापरवाही बढ़ा सकती है दिक्कत अचानक से आंखों में रंग चला जाए उठाए ऐसे कदम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। सिंथेटिक या केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा और गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। आइए जानते हैं कि होली का आनंद लेते समय आंखों का ख्याल कैसे रखा जा सकता है?

होली रंगों और उत्साह का त्योहार है। लजीज पकवान, लोगों से मिलना-जुलना, एक दूसरे को रंग लगाना और प्रेम व्यक्त करना इस पर्व को काफी खास बना देता है। गुझिया-ठंडाई और मस्त पकवान इस त्योहार में चार-चांद लगा देते हैं। हालांकि होली के आनंद और उत्साह के बीच सेहत को लेकर सावधानी बरतते रहना भी बहुत जरूरी है।

होली के दिनों में गड़बड़ खान-पान के कारण ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है, वहीं सिंथेटिक रंग और गुलाल के कारण अस्थमा और सांस की समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं। ऐसे मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी हो जाता है। सिंथेटिक या केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा और गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। अगर होली खेलते समय सावधानी न बरती जाए तो इससे कॉर्नियल इंफेक्शन या यहां तक कि आंखों को स्थायी रूप से



### होली के दौरान आंखों का रखें खास ख्याल

बाजार में मिलने वाले गुलाल में कई बार बारीक पिसा कांच और हानिकारक रसायन हो सकते हैं जिससे त्वचा और आंखों को गंभीर क्षति का जोखिम हो सकता है। अगर आपको सूखे रंग या गुलाल में चमक दिखती है तो यह कांच के पाउडर हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि रंग खेलते समय आंखों जैसे शरीर के नाजुक अंगों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाए।

### क्या कहते हैं नेत्र रोग विशेषज्ञ?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ समीर शेख कहते हैं, होली के दौरान और बाद में ओपीडी में आंखों की समस्या के शिकार लोगों के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इसलिए सभी लोगों को पहले से ही कुछ बातों पर विशेष ध्यान देते रहना चाहिए।



होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा के लिए गॉगल्स या सनग्लास पहनें। इससे आंखों को रंग और गंदे पानी से बचाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा सबसे जरूरी है कि आप सिर्फ ऑर्गेनिक और हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, कैमिकल युक्त रंगों से आंखों में जलन और एलर्जी हो सकती है।

### होली के बाद आंखों में जलन हो तो क्या करें?

अगर होली के बाद आपको जलन या लालिमा महसूस होती है, तो आंखों को आराम देने के लिए ये आसान घरेलू उपचार आजमा सकते हैं। सूजन को कम करने और जलन से राहत पाने के लिए एक साफ कपड़े का उपयोग करके ठंडी सिकाई करें। अपनी आंखों को साफ करने और उन्हें तरोताजा करने के लिए ठंडे गुलाब



जल का उपयोग करें। आंखों के आस-पास ताजा एलोवेरा लगाएं। तुरंत ठंडक और राहत के लिए अपनी बंद पलकों पर ठंडे खीरे के टुकड़े रखें।

### आंखों में रंग चला जाए तो क्या करें?

डॉक्टर कहते हैं, होली खेलते समय कई बार रंग या गुलाल आंखों में जा सकता है, इससे जलन, लालिमा और कई अन्य तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। अगर गलती से आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत साफ और ठंडे पानी से धो लें। रंग लगे हाथों से आंखों को रगड़ने से बचें इससे इन्फेक्शन हो सकता है। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो साफ पानी से आंखों को धोने के बाद गुलाब जल डालें, ये आंखों को ठंडक देता है और जलन कम करता है।



## हर बार फिटनेस गोल्स को पूरा करने में हो जाते हैं फेल तो इन टिप्स की लें मदद

अगर आप खुद के लिए फिटनेस गोल्स सेट करते हैं और उसे पूरा करने में हर बार फेल हो जाते हैं, तो अब आप इन छोटे-छोटे टिप्स की मदद लें।

हम सभी उम्र के किसी भी पड़ाव पर खुद को चुस्त-तंदरुस्त रहना चाहते हैं। अपने शरीर की जरूरतों को समझते हुए हम सभी खुद के लिए कुछ फिटनेस गोल्स सेट करते हैं। लेकिन अधिकतर लोगों की यह शिकायत रहती है कि वे अपने लिए फिटनेस गोल्स तो सेट करते हैं, लेकिन उसे कंप्लीट नहीं कर पाते हैं। ऐसा हम सभी के साथ अक्सर हुआ ही है। हालांकि, जब ऐसा होता है तो मन में काफी निराशा पैदा होती है, पर अगर आप चाहें तो अपने फिटनेस गोल्स को बेहद आसानी से पूरा कर सकते हैं। साथ ही साथ, अपनी जर्नी में कंसिस्टेंट रह सकते हैं।

जी हां, ऐसा बेहद आसान तरीके से किया जा सकता है। फिट रहने के लिए आपको जिम में घंटों बिताने या सिर्फ़



सलाद खाने की ज़रूरत नहीं है। बस कुछ छोटे-छोटे और स्मार्ट बदलाव आपकी जर्नी को काफी आसान बना सकते हैं। भले ही आप अपना वज़न कम करने की कोशिश कर रहे हों या फिर मसल्स बिल्डअप करने की कोशिश कर रहे हों, ये बदलाव और टिप्स आपके बेहद काम आएंगे और आपको ट्रैक पर बने रहने में मदद करेंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको आपके फिटनेस गोल्स को पूरा करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं-

### छोटे और क्लीयर हों गोल्स

अमूमन हम सभी अपने फिटनेस गोल्स को पूरा करने में फेल हो जाते हैं और इसका सबसे मुख्य कारण होता है कि हमारे गोल्स क्लीयर नहीं होते हैं। हम बस खुद से यह प्रॉमिस करते हैं कि हम अपना दस किलो वजन कम करेंगे। लेकिन इसके लिए कोई क्लीयर पाथ नहीं बनाते। इस तरह के अनक्लीयर गोल्स को पूरा करना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि कुछ समय बाद ही आप खुद को डिमोटिवेटिड महसूस करने लगते हैं। इसलिए, सबसे पहले खुद के लिए छोटे व क्लीयर गोल्स सेट करें। मसलन, मैं सप्ताह में 4 बार 40 मिनट तक वर्कआउट जरूर करूंगा या फिर पूरा महीना हर दिन बिना रुके 10 पुशअप्स जरूर करूंगा। इस तरह के छोटे गोल्स को पूरा करना काफी आसान होता है और जब हम इन्हें पूरा करते हैं तो इससे मन में एक उत्साह पैदा होता है।

### ऐसे वर्कआउट करें जो आपको पसंद हों

वर्कआउट करने का मतलब सिर्फ जिम जाना और डंबल उठाना ही नहीं है। बल्कि आपको खुद को अधिक एक्टिव रखने की जरूरत है। मसलन, अगर आपको जिम जाना पसंद नहीं है तो ऐसे में आप रनिंग कर सकती हैं या फिर अपने इंटरस्ट को डांसिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग आदि कर सकती हैं।

## इस विधि से झटपट तैयार करें गुजिया, हलवाई जैसा आएगा स्वाद

होली का त्योहार हो, और घर में गुजिया न बनें, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। गुजिया बनाने में काफी समय लगता है, इसलिए वर्किंग महिलाओं के लिए ये काफी मुश्किल होता है। इसी के चलते हम आपको गुजिया की एक ऐसी विधि बताएंगे, जिसको अपनाने के बाद आप झटपट गुजिया तैयार कर सकती हैं। इस विधि से गुजिया बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।



गुजिया के लिए 2 कप मैदा, 4 बड़े चम्मच घी.पानी,घी, भरावन के लिए सामान, 1 कप खोया (मावा), कप पिसी हुई चीनी, कप सूखे मेवे (बादाम, काजू, पिस्ता),1 छोटा चम्मच इलायची पाउडर और 2 बड़े चम्मच सूखा नारियल (कद्दूकस किया हुआ) लीजिए।

गुजिया बनाने के लिए आपको सबसे स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग तैयार होने के बाद अब बारी आती है मैदा गूंथने की तो इसके लिए मैदा में घी डालकर अच्छे से मिलाएं, जब हाथ में पकड़ें तो हल्का बंधने लगे। थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त गूंथ लें। 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। 20 मिनट के बाद मैदे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर बेल लें। इसके ऊपर एक चम्मच स्टफिंग रखें और किनारों पर पानी लगाकर मोड़ दें। गुजिया को अच्छी तरह बंद करने के लिए सांचे का उपयोग करें। इससे गुजिया की डिजाइन भी प्यारी बनेगी। अब घी को मध्यम आंच पर गरम करें और गुजिया को सुनहरा होने तक तलें।

## पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखने से दूर हो सकती हैं परेशानियां

होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। होली के दिन, भक्त अपने इष्ट देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित करते हैं। यह माना जाता है कि ऐसा करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। राधा-कृष्ण की पूजा का इस दिन विशेष महत्व है।



पूजा के गुलाल को तांबे या पीतल के बर्तन में रखना सबसे शुभ माना जाता है। ये दोनों धातुएं शुद्ध और पवित्र मानी जाती हैं, और इनका उपयोग अक्सर पूजा-पाठ में किया जाता है। तांबा एक शुद्ध धातु है, और यह माना जाता है कि इसमें सकारात्मक ऊर्जा होती है। तांबे के बर्तन का उपयोग अक्सर धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है, क्योंकि इसे पवित्र माना जाता है।

भगवान कृष्ण और विष्णु जी को पीला गुलाल चढ़ाना शुभ माना जाता है। आप चाहें तो उन्हें पीले रंग के फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान गणेश को लाल रंग का गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल सिंदूर भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान शिव को सफेद या नीला गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें बेलपत्र और धतूरा भी अर्पित कर सकते हैं।

देवी दुर्गा को लाल या गुलाबी गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल चुनरी और फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान को गुलाल चढ़ाने के लिए, सबसे पहले उन्हें स्नान कराएं और नए वस्त्र पहनाएं। फिर, एक थाली में गुलाल और फूल रखें। भगवान की आरती करें और उन्हें गुलाल अर्पित करें। आप चाहें तो उन्हें मिठाई और फल भी अर्पित कर सकते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### रेचल जेलगर-गैल गैडोट की 'स्नो व्हाइट' में लोककथा उतारी गई है बड़े परदे पर



डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' की दोनों अदाकारों रेचल जेलगर और गैल गैडोट को इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। जल्द ही एक और फिल्म डिज्नी इस कहानी पर लेकर आ रहा है। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की, जिसमें रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस की बधाई भी दे रही हैं। डिज्नी द्वारा साझा किए गए वीडियो में रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस सबसे पहले बधाई देती हैं। साथ ही दोनों एक्ट्रेस उन महिलाओं को सलाम करती हैं जो साहसी हैं, सशक्त हैं। फिल्म 'स्नो व्हाइट' में भी एक आम लड़की स्नो व्हाइट के साहस की कहानी है। फिल्म 'स्नो व्हाइट' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अधिक बदलाव नहीं है। बस ट्रीटमेंट थोड़ा सा बदला गया है। फिल्म की कहानी में स्नो व्हाइट की सौतेली मां है, जो दुनिया की सबसे सुंदर औरत बने रहना चाहती है। लेकिन जब उसे पता चलता है कि स्नो व्हाइट सबसे सुंदर है तो उसे मारने का प्रयास करती है। लेकिन स्नो व्हाइट जंगल चली जाती और सात बौनों के साथ रहने लगती है। इसके बाद कहानी में कई मोड़ आते हैं। यह कहानी असल में अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष को दिखाती है। डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' 21 मार्च को अंग्रेजी, हिंदी में रिलीज होगी। 'स्नो व्हाइट' की कहानी को पश्चिमी देशों के दर्शक जितना पसंद करते हैं, उतना ही पसंद इसे भारत में भी किया जाता है।

## टॉलीवुड

### 'रॉबिनहुड' देख कर नितिन बोले- जन्मदिन का मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट



नितिन और श्रीलीला की फिल्म ₹रॉबिनहुड₹ 28 मार्च को रिलीज होगी। हाल ही में नितिन ने अपनी फिल्म रॉबिनहुड देखी और इस फिल्म को लेकर एक खास भी बताई।इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉबिनहुड को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। नितिन का जन्मदिन 30 मार्च को है। उनकी फिल्म रॉबिनहुड उनके जन्मदिन से ठीक पहले रिलीज हो रही है। फिल्म रॉबिन ने रॉबिनहुड को लेकर कही खास बात

साउथ अभिनेता नितिन ने हैदराबाद में मीडिया से बात की और कहा, ₹कल मैंने पूरी फिल्म रॉबिनहुड देखी और वेंकी कुदुमुला को गले लगाया। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हमारे करियर का एक बड़ा पड़ाव होगी।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मेरा जन्मदिन 30 मार्च को है और यह फिल्म 28 मार्च को रिलीज हो रही है। मुझे लगता है कि यह वेंकी की ओर से मेरा सबसे बड़ा जन्मदिन का गिफ्ट होगा।₹फिल्म में नितिन के अलावा राजेंद्र प्रसाद ने अहम किरदार निभाया है और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर भी एक छोटे रोल में दिखाई देंगे। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। ₹रॉबिनहुड₹ एक एक्शन और कॉमेडी से भरपूर फिल्म होगी, जिसकी रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। रॉबिनहुड एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है। वेंकी इससे पहले ₹भीष्म₹ और ₹चलो₹ जैसी हिट फिल्में बना चुके हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने केतिका शर्मा के साथ एक खास गाना रिलीज किया, जिसे लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अब फाइनली निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म 28 मार्चको सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में साउथ नितिन के साथ साउथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## भोजपुरी

### खेसारी की 'रिश्ते' का नया गाना रिलीज चंद घंटों में बटोर लिए लाखों व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने प्रशंसकों को होली का तोहफा दे रहे हैं। इस महीने उनकी फिल्म 'रिश्ते' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उससे पहले इस फिल्म का गाना 'रिश्ते' रिलीज हुआ है। इस गाने ने चंद घंटों में ही लाखों व्यूज बटोर लिए हैं।

यह गाना खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी पर फिल्माया गया है। इसे खेसारी ने खुशी कक्कड़ के साथ मिलकर गाया है। गाने के बोल कृष्णा बेदर्दी के हैं। वहीं, प्रेमांशु सिंह इस गाने के राइटर और डायरेक्टर हैं।

खेसारी और आकांक्षा के डांस मूव्स कमाल के हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री भी काफी कमाल की है। गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'यह गाना तो अब होली पर चलेगा'। एक यूजर ने लिखा, 'लग ही नहीं रहा फिल्म का गाना है, ऐसा लग रहा है कि किसी एल्बम का सॉन्ग है'। 'रिश्ते' एक पारिवारिक फिल्म है। खेसारी लाल यादव ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है। उन्होंने लिखा है, 'फिल्म 'रिश्ते' का नया वीडियो सॉन्ग आ गया है। यह फिल्म 14 मार्च को होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फ्रेंच स्टाइल

मशहूर मॉडल्स ड्रीस वैन नोर्टेन, स्टेला मेकार्टनी और कार्वेन ने फ्रेंच फैशन स्टाइल की नुमाइश के लिए बड़े आकार के सूट का सहारा लिया है। इसमें नरम किनारों, ढीले पतलून और रेशमी सूट शॉर्ट्स की झलक देख सकते हैं। हालांकि यह फैशन कहीं से भी आउट डेटेड नहीं है लेकिन इन्हें फैशन शो के लिहाज से शायद ही स्वीकार किया जाए। क्योंकि इसे पुराना फैशन माना जाता है। फिर भी पेरिस फैशन वीक के लिए इस तैयारी को बुरा नहीं




# चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल कितना सुरक्षित, इस्तेमाल से पहले जान लें

नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। पर, ये काफी नुकसानदायक भी होता है। इसलिए इस्तेमाल से पहले इसके बारे में सब जान लें।

ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए आजकल ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खों पर भरोसा करते हैं। कई बड़े सिलेब्स भी लोगों को घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इन्हीं नुस्खों में शामिल है त्वचा पर नींबू का इस्तेमाल करना। नींबू त्वचा के लिए फायदेमंद है लेकिन सावधानी से इस्तेमाल करना जरूरी है।

नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। लेकिन क्या इसे सीधे त्वचा पर लगाना सुरक्षित है?

### चेहरे पर नींबू लगाने के फायदे

चेहरे पर यदि आप नींबू इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसके फायदे जान लें। दरअसल, नींबू में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। इसमें जो एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासों और काले दाग को हल्का करने में सहायक होते हैं।

नींबू में पाए जाने वाले साइट्रिक एसिड टैनिंग को कम करने और डेड स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। यदि आपकी



त्वचा काफी ऑयली है तो नींबू चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करता है और चेहरे को फ्रेश रखता है।

### नींबू के नुकसान

इसके जितने फायदे हैं, उतने नुकसान भी हैं। दरअसल, नींबू का pH बहुत कम (अम्लीय) होता है, जिससे संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली और रैशेज हो सकते हैं। यदि आप नींबू लगाने के बाद सीधे धूप में जाने से स्किन जल सकती है, जिससे सनबर्न और डार्क पैच हो सकते हैं। ये उन लोगों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है, जिनकी त्वचा ड्राई है, क्योंकि नींबू त्वचा की नमी को लॉक करने का काम करता है।

### ऐसे लोग न करें इस्तेमाल

यदि आपके चेहरे पर नींबू सूट करता है, लेकिन चेहरे पर कट, जलन या खुले पिंपल हैं, तो नींबू लगाने से बचें। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर और अधिक जलन और इंफेक्शन हो सकता है।

# केमिकल वाले रंगों होने वाले नुकसान से आप बचाव कर सकते हैं इस तरह



यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तब तो आपको इन केमिकल वाले रंगों से खुद को खासतौर पर बचाकर रखना है। होली का त्योहार रंगों, मस्ती और खुशियों से भरा होता है, लेकिन कई बार इन रंगों में मौजूद केमिकल्स हमारी त्वचा और बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बाजार में मिलने वाले अधिकतर रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, मर्करी सल्फेट और डाई जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो त्वचा पर एलर्जी, खुजली, जलन, दाने और रैशेज का कारण बन सकते हैं।

### पहले जान लें नुकसान

**आएगी एलर्जी और रैशेज की समस्या:** यदि आप केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल होली के दिन करेंगे तो इससे त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली और रैशेज हो सकते हैं। कई बार तो ये परेशानी काफी ज्यादा बढ़ जाती है।

**जलन और ड्राइनेस :** हार्श केमिकल्स स्किन की नमी छीन लेते हैं, जिससे ड्राइनेस, जलन और खिंचाव महसूस हो सकता है। इसलिए जब भी होली का रंग खरीदें, ये ध्यान रखें कि इसमें किसी प्रकार का केमिकल न हो।

**टैनिंग और डार्क पैचेज का खतरा:** केमिकल युक्त रंग सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के साथ मिलकर त्वचा पर डार्क स्पॉट्स और पिग्मेंटेशन का कारण बन सकते हैं। कई बार तो ये रंग ऐसे डदाग-धब्बे छोड़ जाते हैं, जिन्हें साफ करने में हफ्तों का समय लगता है।

### बचाव के तरीके



**ऑयलिंग है जरूरी:** यदि आप नहीं चाहते कि आपके साथ किसी तरह की परेशानी हो तो होली खेलने से पहले नारियल, सरसों या जैतून के तेल से त्वचा की अच्छे से मसाज करें। इससे रंग स्किन में नहीं बैठते और बाद में आसानी से साफ हो जाते हैं।

**मॉइस्चराइजर लगाएं:** अगर आपकी त्वचा बहुत ज्यादा ड्राई है, तो तेल के साथ एक अच्छा मॉइस्चराइजर भी लगाएं। इससे त्वचा हाइड्रेटेड रहेगी और केमिकल्स का असर कम होगा। इससे आपकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।

**फुल स्लीव कपड़े पहनें:** होली के दिन रंग खेलते समय जितना हो सके, अपनी त्वचा को ढककर रखें।

# रोजाना बाल धोना कितना सही जानें इसके फायदे और नुकसान

आज-कल जिस हिसाब से प्रदूषण बढ़ रहा है, उसका सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है, जब बालों का ध्यान रखना पड़ता है।

अक्सर लोगों को लगता है कि बालों को रोजाना धोने से बाल साफ रहते हैं और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यहां हम आपको बताएंगे कि रोजाना बाल धोना कितना सही है और इसके फायदे और नुकसान क्या है। इस लेख में हम आपको ये भी जानकारी देंगे कि किस टाइप के बाल वालों को हफ्ते में कितनी बार बाल धोने चाहिए।

### रोजाना बाल धोने के फायदे

**स्कैल्प साफ रहता है:** यदि आप बाल काफी ज्यादा ऑयली है तो आप बाल धो सकते हैं। ऑयली बालों को रोजाना धोने से गंदगी, तेल और डैंड्रफ से छुटकारा मिलता है। इसलिए बिना बोसे हर दिन बाल धोएं।

**स्टाइलिंग में आसानी:** रोजाना बाल धोने से बाल ताजगी भरे और फ्रेश दिखते हैं। ये



खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा होता है जो जिम जाते हैं या ज्यादा बाहर रहते हैं। रोजाना शैंपू करने से बालों से अतिरिक्त तेल निकल जाता है, जिससे स्टाइलिंग करना आसान हो जाता है।

### रोजाना बाल धोने के नुकसान

**नेचुरल ऑयल हट जाना:** यदि आप रोजाना बाल धोते हैं तो बार-बार शैंपू करने से स्कैल्प का नेचुरल ऑयल खत्म हो सकता है, जिससे बाल रूखे और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए अपने बालों से हिसाब से ही बाल धोने का फैसला लें।

**बालों का झड़ना :** यदि आप गलत शैंपू से अपने बाल धोते हैं तो ज्यादा शैंपू करने से बाल ड्राई हो सकते हैं, जिससे उनका झड़ना बढ़ सकता है। ऐसे में ऐसा करने से बचें।

# हील्स पहनने से पैरों में होता है दर्द तो करें ये काम, मिलेगा काफी आराम

शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसे हील्स पहनना पसंद नहीं होगा। हील्स पहनने से न सिर्फ लुक अच्छा दिखता है, बल्कि इसकी वजह से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी के चलते महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक में हील्स पहनना पसंद करती हैं। पर, कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा देर तक हील्स पहनने से पैरों में परेशानी होने लगती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपके पैरों मे हील्स पहनने के बाद भी दर्द नहीं होगा।

### कुशन का इस्तेमाल करें

आजकल हील्स के लिए खास तरह के कुशन आते हैं, जो पैरों का दर्द कम करने में मदद करते हैं। ये आपके पैरों पर पड़ने वाले दबाव को कम करके आरामदायक महसूस कराते हैं। इसे तब इस्तेमाल करें, जब आपको ज्यादा समय के लिए हील्स पहननी हो।

### पैरों में करें स्ट्रेचिंग



यदि आपको ज्यादा समय के लिए हील्स कैरी करनी है तो हील्स पहनने से पहले पैरों की अच्छी स्ट्रेचिंग और मसाज करें। इससे पैरों में खिंचाव होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए खासतौर पर अपने एड़ी और पंजे के लिए हल्के स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें।

### चलने का सही तरीका अपनाएं

यदि आप हील्स पहनने के बाद गलत तरीके से चलेंगी तो भी पैरों में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में हमेशा चलते समय पहले एड़ी फिर पंजा जमीन पर रखें। इससे आपके पैरों में दर्द नहीं होगा। ज्यादा देर तक हील्स पहनने से बचें और बीच-बीच में आराम करें।

## कार्नर न्यूज

## होली पर फैशन का मजा भी रंगों की तरह हो मजेदार

# होली के लिए ट्रेंडिंग हैं इस तरह के आउटफिट इस खास मौके के लिए आप भी कर सकती हैं ट्राई

मार्च की शुरुआत होते ही होली की धूम हर तरफ नजर आने लगती है। बाजार अबीर-गुलाल से रंगीन हो चुके हैं और जगह-जगह होने वाली होली पार्टियों की तैयारियां जोंरों पर हैं। बदलते दौर के साथ अब हर खास पल को कैमरे में कैद करने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में त्योहारों पर स्टाइलिश और ट्रेंडी दिखना भी उतना ही जरूरी हो गया है।

अगर आपको भी किसी होली पार्टी का इनविटेशन मिला है और आप यह सोचकर उलझन में हैं कि कौन-सा आउटफिट आपके लिए बेस्ट रहेगा, तो आपकी इस परेशानी का हल हमारे पास है। यहां हम महिलाओं के लिए कुछ ट्रेंडी आउटफिट के विकल्प बताएंगे, जिसे आप आसानी से पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

### व्हाइट कुर्ता और कलरफुल दुपट्टा

यदि अपने लुक को आप सिंपल लेकिन खूबसूरत रखना चाहती हैं तो सफेद कुर्ता होली के लिए क्लासिक चॉइस है, जिसे आप ब्राइट कलर वाले बंधेज या टाई-



डाई दुपट्टे के साथ पेयर कर सकती हैं। इसे प्लाजो, लेगिंग्स के साथ पहनें, उससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### टाई-डाई को-ऑर्ड सेट्स

आज-कल महिलाओं को को-ऑर्ड सेट पहनना काफी पसंद आ रहा है। ऐसे में आप होली के मौके पर टाई-डाई प्रिंट का को-ऑर्ड सेट कैरी कर सकती हैं। ऐसा कलरफुल टाई-डाई को-ऑर्ड सेट होली पर स्टाइलिश लुक देगा।

### शॉर्ट कुर्ता और धोती पैंट



धोती पैंट होली के मौके पर आपको सहज रखेगी। ये आरामदायक और एथनिक लुक के लिए यह परफेक्ट है। व्हाइट कुर्ता या प्रिंटेड कुर्ते के साथ ब्राइट धोती पैंट पहनें।

### डेनिम शॉर्ट्स और क्रॉप टॉप

ग्लैमरस लुक के लिए आप डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्राइट क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। व्हाइट क्रॉप टॉप पर कलर गिरने से होली का असली मजा आएगा!। ये देखने में काफी अच्छी लगेगी।

### लॉन्ग स्कर्ट और टी-शर्ट

कलरफुल लॉन्ग स्कर्ट के साथ व्हाइट या पेस्टल शेड की टी-शर्ट पहनें। ये स्टाइलिश और कम्फर्टेबल ऑप्शन है। ये आपको एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न टच भी देने में मदद करेगी। कम्फर्ट को प्राथमिकता देने वालों के लिए ओवरसाइज टी-शर्ट और जॉगर्स एक शानदार विकल्प है। इसे व्हाइट या ब्राइट कलर में चुनें।